आज का मौसम
22.0⁰ अधिकतम तापमान
10.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 05.16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष तृतीया 06:25 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

रविवार, 7 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 13, पृष्ठ 14+4 मूल्य 6 रुपये

सीजेआई का कड़ा संदेश- उच्चतम न्यायालय आम लोगों के लिए है
- 12

केंद्रीय वित्त मंत्री बोलीं- सीमा शुल्क को सरल बनाना होगा अगला बड़ा सुधार
- 12

जयशंकर बोले भारत-रूस संबंध वैश्विक स्तर पर लंबे समय से सबसे स्थिर
- 13

शुभमन गिल को पहले टी-20 मैच में खेलने के लिए मिली हरी झंडी
- 14

एक और फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, सरगना समेत 6 पकड़े

संवाददाता, पीलीभीत/घुंघचिहाई

- 3 मोबाइल, 13 लैपटॉप, 2 कंप्यूटर एलईडी, यूएई का सिम बरामद

अमृत विचार: पुलिस ने एक और फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर छह जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ये सभी दुबई में कॉल सेंटर में नौकरी कर चुके थे और अब अपना गिरोह चला रहे थे। कई प्रदेशों में इन्होंने ठगी की है।

एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त स्थानीय क्षेत्र के पॉश वेरिफिकेशन के दौरान 3 दिसंबर को पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा था। अमृतपाल गिरोह का सरगना था। उससे पूछताछ में पुलिस को सुराग मिले थे। इसी आधार पर एक और फर्जी कॉल सेंटर का धंधा पकड़ा गया। एसओजी और घुंघचिहाई पुलिस ने गिरोह के सरगना बसंतपुर नौनेर निवासी मनजीत सिंह उर्फ सोनू, गाबा चौक रुद्रपुर (उत्तराखंड) निवासी विक्रांत पंडित उर्फ विक्की सानागांव और च्रक खड़का, भोपाल के कालरा चौक निवासी कपिल मेहरा व कुनाल प्रजापति, भोपाल के ही दानिशकुंज के प्रशांत सिंह को पकड़ा। इनके पास से 13 मोबाइल, 13 लैपटॉप,2 कंप्यूटर, एलईडी, की-बोर्ड, 01 प्रिंटर जेरोक्स मशीन, 1160 रुपये, 2 सिम कार्ड खुरचे हुए, एक सिम यूएई का और तीन आधार कार्ड भी बरामद किए गए हैं।

बाउंड्रीवाल व छत्र से सुरक्षित होंगी बाबा साहेब की प्रतिमाएं

- महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा, विरोधी दलों पर निशाना
- संविदा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिलेगी न्यूनतम मानदेय की गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां बाउंड्रीवाल और प्रतिमाओं पर सुरक्षा के लिए छत्र लगाए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी सरकार अगले एक-दो महीने के भीतर उपलब्ध करा देगी।

सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

तुष्टिकरण करने वाले दल कर रहे देश का अहित

मुख्यमंत्री योगी ने मंच से विपक्षी दलों पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल भारत का अहित कर रहे हैं और बाबा साहेब के आदर्शों का भी अपमान कर रहे हैं। उन्होंने ने एक ऐतिहासिक प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि बाबा साहेब ने स्वयं चेताया था कि जो लोग भारत भूमि को पवित्र नहीं मानते, उनके विचार देशहित में नहीं हो सकते।

मुख्यमंत्री योगी ने कुछ शरारती तत्वों द्वारा प्रतिमाओं को क्षति पहुंचाने की घटनाओं से नाराजगी जताते हुए कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर छत्र और उनके चारों ओर मजबूत बाउंड्रीवाल बनाकर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आयोजक आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल की मांग का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि सरकार ने आउटसोर्स सेवा निगम का गठन कर दिया है और अब चतुर्थ श्रेणी, संविदा व सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देना सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जीरो पॉवर्टी मिशन ते कहत अनुसूचित जाति-जनजाति और अतिपिछड़े गरीबों की पहचान लगभग पूरी हो चुकी है। जिनके पास अभी आवास या आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें घर और पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा। योगी ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक विषमताओं को तोड़कर वंचितों, दलितों और अति पिछड़ों को सम्मानजनक जीवन का मार्ग दिखाया। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं—राशन, आवास, शौचालय, छात्रवृत्ति, पेंशन, आयुष्मान कार्ड संविधान की भावना में निहित न्याय, समता और बंधुता की ही परिणति हैं।

उन्होंने कहा कि हर मलिन बस्ती, दलित और जनजाति क्षेत्र को सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है और जहां भी कमी है, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी संपन्नता आज दिखाई देती है, वह बाबा साहेब की प्रेरणा और मोदी सरकार की प्रतिबद्धता से संभव हो रही है। योगी ने भरोसा दिलाया कि कोई भी गरीब, दलित, वंचित या अभावग्रस्त परिवार लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानवाधिकार समानता की ओर एक कदम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

सरकार सख्त : 18 हजार से ज्यादा किराया नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस

दूरी के हिसाब से टिकट दरें तय, इंडिगो को आज रात तक रिफंड के निर्देश

- 500 किमी तक की दूरी तक के लिए अधिकतम किराया होगा 7500 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने इंडिगो संकट के बीच दूरी के हिसाब से अधिकतम किराया तय कर दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि 500 किलोमीटर तक की दूरी तक के लिए अधिकतम किराया 7500 रुपये होगा। वहीं, 500 किमी से 1,000 किमी तक की दूरी के लिए किराये की सीमा 12,000 रुपये तय की गयी है। एयरलाइंस 1000 से 1500 किमी के लिए 15000 रुपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगी। 1,500 किमी से ज्यादा की सभी दूरी के लिए अधिकतम किराया 18000 रुपये तय किया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम किराया सीमा में यूजर डेवलपमेंट फी, यात्री सेवा शुल्क और कर शामिल नहीं हैं। साथ ही, बिजनेस श्रेणी की सीटों और उड़ान योजना के तहत आरक्षित सीटों पर भी यह सीमा लागू नहीं होगी। उसने कहा है कि यह व्यवस्था अस्थायी है और स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगी। इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उसकी जानकारी में है कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने का फायदा उठाकर कुछ एयरलाइनें भारी-भरकम किराये वसूल रही हैं। मंत्रालय ने कहा है कि किसी तरह की अनियमितता दिखने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जायेगी। मंत्रालय ने इंडिगो से कहा है कि वह बिना किसी देरी के सभी प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड दे। रद्द या प्रभावित उड़ानों के मामले में रिफंड का काम रविवार 07 दिसंबर 2025 को रात आठ बजे तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसमें देरी होने पर नियामक कार्रवाई की जायेगी। एयरलाइंस से कहा गया है कि जिन यात्रियों ने बैगेज चेक-इन करा लिया था उसके बाद उनकी उड़ान रद्द हो गयी या उसमें देरी हुई, उनके बैगेज यात्री के घर पर या उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये पते पर भिजवा दिये जाएं। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए डीजीसीए के एक संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है। समिति इंडिगो संकट के कारणों की जांच करेगी और भविष्य ऐसी स्थिति से बचने के उपाय सुझायेगी।

कोलकाता : नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा करते यात्री।

इंडिगो की 800 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं

नई दिल्ली। इंडिगो की शनिवार को 800 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस ने बताया कि शनिवार को रद्द उड़ानों की संख्या घटकर 850 से कम रह गयी है। उसने कहा है कि आने वाले दिनों में इस संख्या को और कम करने तथा परिचालन सामान्य करने के लिए वह प्रयासरत है। 04 दिसंबर में करीब 400, 05 दिसंबर को 1,000 से अधिक और 06 दिसंबर को 800 से ज्यादा उड़ानें रद्द रही हैं।

अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी एयर इंडिया

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वह यात्रियों और उनके बैगेज को जल्द से जल्द उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने के विकल्प तलाश रही है। एयर इंडिया ने दावा किया है कि उसने 04 दिसंबर से जारी भारी मांग के बीच खुद ही पहल करते हुए किराये की कैपिंग की है ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

टीएमसी के निलंबित विधायक ने मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी

बहरमपुर, एजेंसी

- केंद्रीय बलों की रही तैनाती, सऊदी अरब के धार्मिक नेता मंच पर मौजूद रहे
- कबीर ने मंच से कई बार कहा - प्रस्तावित ढांचा किसी भी कीमत पर बनकर रहेगा

टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद के मॉडल पर आधारित एक मस्जिद की नींव रखी। आरएएफ और केंद्रीय बलों की भारी तैनाती के बीच, कबीर ने मौलवियों के साथ, रेजिनगर में एक विशाल मंच पर औपचारिक फीता काटा, जबकि वास्तविक मस्जिद निर्माण स्थल आयोजन स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर था। वहां मौजूद लोगों में से कई प्रतीकात्मक रूप से अपने सिर पर ईंट लिए हुए थे। यह कार्यक्रम छह दिसंबर को निर्धारित किया गया था, जिस दिन 1992 में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहा दी गई थी।

आयोजन के तिथि चयन को लेकर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया भी आई। न केवल रेजिनगर में, बल्कि निकटवर्ती बेलडांगा क्षेत्र में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई, जिसे प्रशासन ने भीड़ बढ़ने और तनाव बढ़ने की आशंका के मद्देनजर प्रभावी रूप से उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में तब्दील कर दिया था। कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने सांप्रदायिक राजनीति में शामिल होने के आरोप में इस हफ्ते की शुरुआत में निलंबित कर दिया था। कबीर ने कार्यक्रम के मंच से कई बार कहा कि प्रस्तावित ढांचा किसी भी कीमत पर बनकर रहेगा। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कुछ भी असंवैधानिक नहीं कर रहा हूं। उपासना स्थल बनाना एक संवैधानिक अधिकार है। बाबरी मस्जिद जरूर बनेगी। कबीर ने दावा किया कि इस परियोजना में किसी भी वित्तीय बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कबीर ने कहा कि मुख्य मस्जिद तीन कट्ठा जमीन पर बनाई जाएगी, जबकि पूरा परिसर लगभग 25 बीघा में फैला होगा। कबीर ने स्थल के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पेश करते हुए घोषणा की कि इस परिसर में एक अस्पताल, एक मेडिकल कॉलेज, एक विश्वविद्यालय, एक होटल और एक हेलीपैड भी होगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 300 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने बताया कि एक स्थानीय डॉक्टर ने इस परियोजना के लिए पहले ही एक करोड़ रुपये दान कर दिए हैं।

आज गीता पाठ, पांच लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद

कोलकाता। कोलकाता में रविवार को 'हिंदुओं के आध्यात्मिक जागरण' के लिए भगवद् गीता का पाठ आयोजित किया गया है जिसमें करीब पांच लाख श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजक सनातन संस्कृति संसद के प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के भी 'एक साथ पांच लाख गीता पाठ' नामक कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। प्रवक्ता ने बताया कि रामदेव, धार्मिक गुरु धीरेन्द्र शास्त्री और कार्तिक महाराज इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे और गीता पाठ में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के अलावा, हमने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी निमंत्रण भेजा है, लेकिन उनके कार्यालय ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। यह एक आध्यात्मिक कार्यक्रम है जिसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है।

ब्रीफ न्यूज

जुबिन मौत मामले की जांच पूरी, 12 को दाखिल होगा आरोप पत्र

गुवाहाटी। गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच लगभग पूरी हो गई है और 12 दिसंबर को आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा। जुबिन की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जांच पूरी हो चुकी है। आरोप पत्र में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जुबिन मौत मामले की जांच कर रहे एसआईटी का नेतृत्व कर रहे गुप्ता ने कहा कि अब तक सात गिरफ्तारियां की गई हैं और 300 से अधिक गवाहों से पूछताछ की गई है। आरोप पत्र सीआईडी द्वारा 18/2025 संख्या से दर्ज प्राथमिकी में दायर किया जाएगा।

नीट पीजी अभ्यर्थी अपने ही संस्थान में होंगे सीनियर रेजिडेंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- काउंसिलिंग तक प्रभावी रहेगी व्यवस्था सेवा अवधि होगी बांड में शामिल
- पीजी पूरी करते ही सीनियर रेज़िडेंट पदों पर होगी त्वरित तैनाती

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेजों से परास्नातक कर रहे नीट पीजी 2022 (एमडी-एमएस) तथा नीट पीजी 2023 (डिप्लोमा) अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। ऐसे अभ्यर्थियों को फिलहाल अपने-अपने संस्थान में ही बतौर सीनियर रेज़िडेंट सेवाएं देनी होंगी।

यह सुविधा 29 जनवरी से प्रस्तावित नीट पीजी 2025 की ऑन लाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने सभी चिकित्सा विश्वविद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों और राजकीय मेडिकल कॉलेजों को भेज दिया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय के अपर निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था 29 जनवरी से प्रस्तावित नीट पीजी-2025 की ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान दी गई सेवा को दो वर्ष की अनिवार्य सेवा बांड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन पीजी अभ्यर्थियों का अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित हो चुका है और वे उत्तीर्ण हैं। उन्हें रोगीहित व छात्रहित में तुरंत प्रभाव से अपने संस्थान में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सीनियर रेज़िडेंट के रूप में नियुक्त किया जाएगा। साथ ही स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति अस्थायी होगी और सभी पात्र अभ्यर्थियों का चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा आयोजित काउंसिलिंग में सम्मिलित होना अनिवार्य है। काउंसिलिंग के बाद होने वाली अंतिम नियुक्ति उसी के आधार पर मान्य होगी। अभ्यर्थियों द्वारा इस अवधि में दी गई सेवाओं को अनिवार्य सरकारी सेवा बांड में जोड़ा जाएगा, जिससे मेडिकल कॉलेजों में मानव संसाधन की उपलब्धता में भी मदद मिलेगी।

कुवैत से भरवाया एसआईआर फॉर्म, तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- मां ने बेटों के फार्म पर किए हस्ताक्षर सिविल लाइंस थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार: रामपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गलत जानकारी देने के आरोप में एक महिला और विदेश में रहने वाले उसके दो बेटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। मां ने दो बेटों के एसआईआर फार्म पर हस्ताक्षर करके जमा कर दिए थे। सुपरवाइजर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

विधानसभा क्षेत्र 37 की भाग संख्या 237 से 248 तक के सुपरवाइजर दिनेश कुमार हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म का डिजिटाइजेशन करने पर पता चला कि भाग संख्या 248 की क्रम संख्या 646 पर दर्ज आमिर पुत्र मुश्ताक हुसैन और क्रम संख्या 648 पर दर्ज दानिश खां पुत्र मुश्ताक हुसैन निवासी पानी की टंकी के सामने, ज्वाला नगर के गणना प्रपत्रों पर इनकी माता नूरजहां द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। जांच में पाया गया कि दोनों व्यक्ति लंबे समय से कुवैत में रह रहे हैं। इनकी मां ने इनका गणना प्रपत्र भरकर हस्ताक्षर करके बीएलओ को दिया जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 का उल्लंघन है। दोनों भाइयों व उनकी माता द्वारा तथ्यों को छिपाकर धोखाधड़ी की। बीएलओ की तहरीर पर पुलिस ने तीनों पर बीएनएस 237 और बीएनएस 318(2), रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पिपुल एक्ट 1950 की धारा-31 में रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि तीन लोगों पर गलत तरीके से एसआईआर कराने के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जो रात में जहां विश्राम करता है वोट वहीं से बनवाए।

विकास | मोदी ने कहा कि आर्थिक वृद्धि को उसके धर्म से जोड़ना क्या अनजाने में हो सकता है? यह उपनिवेशी मानसिकता का ही प्रतीक था

तब हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहने वाले अब खामोश क्यों : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

जीडीपी की 8.2 प्रतिशत की वृद्धि प्रगति की नयी गति को दर्शाती है। ये आंकड़े ऐसे समय में आये हैं जब वैश्विक वृद्धि दर लगभग तीन प्रतिशत और जी-7 देशों की वृद्धि औसत डेढ़ प्रतिशत के आसपास है। भारत की आर्थिक वृद्धि के ताजा आंकड़े एक दशक के सुधारों का परिणाम हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि के आंकड़े उन बुनियादी परिवर्तनों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो देश में पिछले 10 साल में हुए हैं, और यह दर्शाता है कि भारत दुनिया की आर्थिक वृद्धि का एक मजबूत इंजन बन गया है।

मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुछ दिन पहले जारी दूसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों का उल्लेख किया जिनमें 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आंकड़े प्रगति की नयी गति को दर्शाते हैं। ये आंकड़े ऐसे समय में आये हैं जब वैश्विक वृद्धि दर लगभग तीन प्रतिशत और जी-7 देशों की वृद्धि औसत डेढ़ प्रतिशत के आसपास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति का मॉडल बनकर उभरा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इतनी तेज वृद्धि के बावजूद आज कोई इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। यह शब्द तब इस्तेमाल होता था, जब भारत दो-तीन प्रतिशत की वृद्धि के लिए संघर्ष करता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी देश की आर्थिक वृद्धि को उसके धर्म या लोगों की पहचान से जोड़ना क्या अनजाने में हो सकता है? यह उपनिवेशी मानसिकता का ही प्रतीक था। इसमें पूरे समाज और परंपरा को अकर्मण्यता और गरीबी से जोड़ने की कोशिश की गयी। उपनिवेश काल में भी भारत हथियारों का बड़ा उत्पादक था, ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों का विस्तृत नेटवर्क था, और भारत हथियारों का निर्यात करता था। लेकिन स्वतंत्रता के बाद रक्षा निर्माण प्रणाली ध्वस्त कर दी गयी। उपनिवेशी मानसिकता के कारण सरकार ने भारत में बने हथियारों को महत्व नहीं दिया, और भारत दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि भारत सदियों तक जहाज निर्माण का प्रमुख केंद्र रहा था। पहले भारत के 40 प्रतिशत व्यापार का परिवहन भारतीय जहाजों से होता था। लेकिन विदेशी जहाजों को प्राथमिकता दी गयी, और परिणामस्वरूप आज भारत अपने 95 प्रतिशत व्यापार के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भर है - जिसके कारण हर वर्ष लगभग 75 अरब डॉलर (करीब छह लाख करोड़ रुपये) विदेशी शिपिंग कंपनियों को चुकाने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे जहाज निर्माण हो या रक्षा निर्माण, आज हर क्षेत्र उपनिवेश मानसिकता को पीछे छोड़कर नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र को हर क्षेत्र में उपनिवेशी मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होना है।

... आज चर्चा होती है कम मुद्रास्फीति की

मोदी ने याद किया कि एक समय अर्थशास्त्री ऊंची मुद्रास्फीति को लेकर चिंतित रहते थे, लेकिन आज वही अर्थशास्त्री देश की कम मुद्रास्फीति की चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की उपलब्धियां साधारण नहीं हैं, और न ही वे केवल आंकड़ों की बात हैं, बल्कि वे उस बुनियादी परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो देश में पिछले दशक में आया है। इस परिवर्तन में विश्वास की नींव आज किये जा रहे कार्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आज के सुधार और आज का प्रदर्शन कल के परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की एक बड़ी क्षमता लंबे समय तक अप्रयुक्त रही। जब इस अप्रयुक्त क्षमता को अधिक अवसर मिलते हैं, और जब यह बिना बाधा देश के विकास में पूरा योगदान देती है, तो देश का परिवर्तन निश्चित है।

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 7 दिसंबर 2025

पीलीभीत

न्यूज ब्रीफ

ग्रामीण पर हमले की रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी के रहने वाले संजीव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह चार दिसंबर को शाम करीब सात बजे मकान के बाहर बैठे थे। गांव निवासी सुरेंद्र उसके पास आया और हमला कर पीटा। बचाने आई भाभी किरन देवी को भी पीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

विवाहिता को पीटने पर हुई एफआईआर

बरखेड़ा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव अधकटा की रहने वाली सरिता पत्नी महेश पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व की थी। पति महेश पाल, सास सावित्री देवी, ससुर नरेंद्र, ननद चांदनी व चचेरी ननद रिंकी ने मारपीट की। शनिवार को सभी ने मारपीट की। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

25 बकाएदारों से बिल की वसूली

दियोरियाकलां, अमृत विचार : बिजली बिल राहत योजना का पहला चरण शुरू हो चुका है, जोकि 31 दिसंबर तक चलेगा। शनिवार को बड़ागांव में शिविर लगाया गया। एसडीओ जगदीश सिंह, जेई लक्ष्मीकांत, कुलदीप आदि शामिल हुए। समस्त संविदा कर्मचारी शिविर में मौजूद रहे। करीब 70 हजार रुपये का राजस्व जमा किया गया। एसडीओ जगदीश सिंह ने बिजली बिल बकाएदारों से राहत शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की

बीसलपुर, अमृत विचार : कोतवाली में दी गई तहरीर में गांव अहिरपुर नगला निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि 29 नवंबर को वह पीलीभीत मार्ग स्थित एक बरात घर में गए थे। इस दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विवाहिता पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव अधकटा की निवासी सरिता पत्नी महेश पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। पति महेश पाल, सास सावित्री देवी, ससुर नरेंद्र, ननद चांदनी, चचेरी ननद रिंकी ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मार पीट की। समझाने पर भी नहीं माने। शनिवार को दोबारा पीटा और घर पर न रखने की बात कही। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

सीडीओ ने वाइब्रेंट योजना में शामिल दो गांवों का किया निरीक्षण

नेपाल सीमा से सटे 5 गांव बनेंगे वाइब्रेंट विलेज, बढ़ेगी विकास की रफ्तार

वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल होने के बाद अब विकास का खाका किया जाएगा तैयार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में विकास की रफ्तार को गति देने के लिए वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पीलीभीत के पांच गांवों का कायाकल्प किया जाएगा। दरअसल, इन सभी पांच गांवों का वाइब्रेंट विलेज योजना में चयन किया गया है। अब इन गांवों में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से शत-प्रतिशत विकास कार्य कराए जाएंगे। इससे स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार तो होगी ही, साथ ही पर्यटन एवं रोजगार को बढ़ावा मिल सकेगा।

जनपद की कलीनगर तहसील के गांव नौजलिया नकटहा, बंदरबोझ, रमनगरा एवं पुरनपूर तहसील के टाटरगंज एवं बैल्हा गांव भारत-नेपाल सीमा से सटे है। यहां के लोग बेहतर जीवन शैली, शिक्षा, रोजगार के लिए तेजी से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांवों का खाली होना भी किसी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र और राज्य सरकार सीमावर्ती गांवों पर विशेष ध्यान दे रही हैं। इसी मंशा से केंद्र सरकार द्वारा सीमांत गांवों में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, आजीविका सृजन और आबादी को रोकने के उद्देश्य से वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की गई है। इधर वाइब्रेंट विलेज योजना में जनपद के कलीनगर तहसील के गांव नौजलिया नकटहा, बंदरबोझ, रमनगरा एवं पूरनपुर तहसील के टाटरगंज एवं बैल्हा को शामिल किया गया है।

सीमावर्ती क्षेत्र में निरीक्षण करते सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास। ● अमृत विचार

योजना के तहत ही अब इन गांवों का कायाकल्प किया जाना है। सरकार की मंशा अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे गांवों से हो रहे पलायन को थामना भी है। इसी कड़ी में योजना में शामिल इन सभी पांच गांवों के लिए कार्ययोजना तैयार की जानी है। अब इन सभी गांवों में आजीविका विकास समेत अन्य गतिविधियां तेजी से संचालित होंगी। इधर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने गांव नौजिलया नकटहा और बंदरबोझ में पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी बातचीत की और गांव के बारे में जानकारी ली।

योजना लागू करने का यह है उद्देश्य

- सीमावर्ती गांवों के स्थानीय, प्राकृतिक, मानव और अन्य संसाधनों के आधार पर आर्थिक चालकों की पहचान और विकास करने में सहायता करना।
- सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास और उद्यमिता के माध्यम से युवाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण के माध्यम पर आधारित विकास केंद्रों का विकास करना।
- स्थानीय, सांस्कृतिक, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को बढ़ावा देकर पर्यटन क्षमता का लाभ उठाना।

पांच गांवों में इन मुख्य बिंदुओं पर होंगे कार्य

आर्थिकी सुधार, आजीविका विकास, ऊर्जा व नवीकरणीय ऊर्जा, घर व ग्रामीण अवस्थापना, पर्यटन, पारिस्थितिकी तंत्र का पुनरुद्धार, सड़क कनेक्टिविटी, कौशल विकास, सामुदायिक अवस्थापना सुविधा।

> भारत-नेपाल सीमा से सटे जनपद के पांच गांवों को वाइब्रेंट विलेज योजना में चयनित किया गया है। योजना के तहत इन गांवों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराने के लिए जल्द ही कार्य योजना तैयार की जाएगी। – **राजेंद्र कुमार श्रीवास**, मुख्य विकास अधिकारी।

सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में कई पुरस्कृत

कार्यक्रम में पुरस्कृत की गई छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को महिलाओं का सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ.राखी मिश्रा, अध्यक्षा सुमन गुप्ता, मुख्य वक्ता अर्चना गहलोत, प्रबंधक कुमकुम अग्रवाल, डॉ. रेनू सक्सेना, राष्ट्र सेविका समिति की अध्यक्ष उमा मिश्रा, किरन गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कराई।

प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने परिचय कराया। कार्यक्रम में नारी के सात गुणों की चर्चा की। संचालन कमलेश शर्मा ने किया। आभा सक्सेना के निर्देशन में छात्राओं ने समूह गीत हम ही मातृ शक्ति प्रस्तुत किया। अर्चना गहलोत ने कुटुंब प्रबोधन एवं भारतीय दृष्टि के माध्यम से पर्यावरण के सम्बन्ध में चर्चा की। डॉ. नीतू जायसवाल ने प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश का प्रदर्शन छात्राओं के माध्यम से कराया। शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने पर किरन सक्सेना को सम्मानित किया। पारिवारिक प्रतिष्ठा क्षेत्र में उषा गंगवार, संयुक्त परिवार के लिए चम्पा देवी, स्वतंत्रता सेनानी शहीद ओम निवास की धर्मपत्नी मनीषा देवी व पुत्र शिशिर कुमार को सम्मानित किया गया। अजय चौहान ने कार्यक्रम के अनुभव कथन में संस्कार और संस्कृति के द्धारा बेटियों को आगे बढ़ाकर राष्ट्र का निर्माण करने की प्रेरणा दी।

तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का समापन

रोवर्स रेंजर्स के बनाए टैंट देखते शिक्षक। ● अमृत विचार

बिलसंडा, अमृत विचार: राजकीय महाविद्यालय हेमपुर में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का समापन हो गया। अंतिम दिन रोवर्स रेंजर्स ने आकर्षक टेंट, फूड प्लाजा और चार्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

डॉ. दिनेश चंद्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का होना जरूरी है। ऐसे शिविर के आयोजन होने से युवाओं में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। महाविद्यालय प्रबंधन ने परिणाम घोषित किए। बेस्ट लॉगबुक में पवनदीप कौर प्रथम, बेस्ट रेंजर्स में शिवी, बेस्ट रोवर्स में प्रियांशु तिवारी और बेस्ट टेंट में बाघ टोली प्रथम, सावित्री बाई फूले द्वितीय, ज्योतिबा राव फूले टोली तृतीय स्थान पर रही।

इस मौके पर जिला स्काउट गाइड कमिश्नर डॉ. महेश बाबू, डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सतेंद्र कुमार, अभिषेक पांडेय, प्रांजल जायसवाल, मोंटी शुक्ला, सत्यभान सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि रहे।

दो अलग-अलग मारपीट के मामलों में रिपोर्ट

बिलसंडा, अमृत विचार : पुलिस ने मारपीट के दो अलग अलग मामलों में रिपोर्ट दर्ज की है। गांव नवदिया मरौरी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह शौच को जा रहे थे। ग्राम समाज की जमीन के विवाद में गांव के अनिल कुमार व राधेश्याम ने गाली गलौज और मारपीट की।

उधर मोहनपुर बबुरा निवासी रामनिवास ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 27 नवम्बर की सुबह आठ बजे आपसी कहासुनी होने पर गांव के राजकुमार ,विकास, रेखा, सुनीता देवी ने मिलकर मारपीट की। पत्नी सोनकली, भाभी फूलमती, गौरीश, लीलाधर बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

सुविधा: क्रय केंद्रों पर अफसरों के नंबर चस्पा

केशोपुर स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों से वार्ता करते डीसीओ खुशीराम भार्गव।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीसीओ ने पूरनपुर क्षेत्र में गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण कर जानी हकीकत**
- **जिले में 193 क्रय केंद्रों पर रोजाना 2.25 लाख क्विंटल हो रही गन्ना खरीद**

अमृत विचार: जनपद के गन्ना किसानों को अब गन्ना पर्चियों एवं तौल से संबंधित समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर चीनी मिल एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों के नंबर चस्पा किए गए हैं। किसान सीधे इन नंबरों पर बात कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

वर्तमान पेराई सत्र में जनपद की चारों चीनी मिलों में गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो चुका है। इसके अलावा पड़ोसी जनपद की फरीदपुर चीनी मिल, निगोही चीनी मिल, मकसूदापुर चीनी मिल, संपूर्णानगर और गुलरिया चीनी मिल द्वारा भी जिले के गन्ना किसानों से गन्ना खरीद की जाती है। जनपद भर 193 क्रय केंद्र स्थापित कर गन्ना खरीद की जा रही है। जनपद में रोजाना ही 2.25 लाख क्विंटल गन्ना खरीद की जा रही है। इधर अब गन्ना किसानों को गन्ना क्रय केंद्रों पर सहुलियत देने के लिए सभी क्रय केंद्रों पर चीनी मिल एवं विभागीय अधिकारियों के नंबर चस्पा किए गए हैं। गन्ना पर्ची एवं तौल संबंधी समस्या होने पर किसान सीधे गन्ना समिति के सचिव, चीनी मिल के नोडल अधिकारी एवं टॉल फ्री नंबर पर बात कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

डीसीओ ने गन्ना क्रय का किया निरीक्षण

इधर जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने क्रय केंद्रों पर गन्ना उठान एवं दैनिक इंडेंट की जांच को लेकर किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर के क्रय केंद्र केशोपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल लिपिक कार्य करते मिले। बताया गया कि क्रय केंद्र पर अब तक 10041.30 क्विंटल गन्ना खरीद की जा चुकी है। जिला गन्ना अधिकारी ने गांव चंदोखा निवासी किसान रामदयाल की गन्ने से भरी ट्राली का वजन करवाया। जोकि 05 क्विंटल का मानक बांट रखने पर वजन सही पाया गया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र पर नियमित खरीद एवं गन्ना उठान होता पाया गया। दैनिक गन्ना खरीद पंजिका एवं कांटा जांच पंजिका भी पूर्ण पाई गई। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से गन्ने की पत्ती खेत मे न जलाने एवं संबंधित गन्ना विकास समिति से ट्रैक्टर एवं ट्रेश मल्चर लेकर प्रबंधन करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान गन्ना समिति पूरनपुर के डायरेक्टर गंगा राम, गन्ना किसान रामदयाल, शिवकुमार, सुखदेव, प्रमोद कुमार, दयाशंकर, विनोद सिंह, मिश्री लाल, महेंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

मनरेगा लोकपाल कार्यालय में संसाधनों का अभाव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जिम्मेदारों को डिमांड भेजने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराया गया स्टाफ**
- **कार्यालय में अब तक 41 शिकायतों में 32 का हो सका है निस्तारण**

अमृत विचार: जनपद में मनरेगा से संबंधित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच के लिए जनपद स्तर पर तैनात किए मनरेगा लोकपाल का कार्यालय संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। बिना स्टाफ महज एक पुराने कंप्यूटर के माध्यम काम चलाया जा रहा है। यह दीगर बात यह है कि साधन विहीन लोकपाल मनरेगा कार्यालय के माध्यम से अब तक 41 शिकायतों में 32 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है।

सरकार की ओर से मनरेगा से संबंधित कार्यों की निगरानी एवं योजना से संबंधित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच के लिए जनपद स्तर पर लोकपाल की नियुक्ति की गई है। जनपद में गत वर्ष लोकपाल मनरेगा गेंदनलाल वर्मा की नियुक्ति करते हुए उन्हें विकास भवन में कार्यालय उपलब्ध कराया गया है। इस कार्यालय में सुविधाओं के नाम पर महज महज एक पंखा और बल्ब लगे हुए हैं। मनरेगा सेल से एक पुराना कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया है, जोकि अकसर खराब रहता है। वहीं गाइडलाइन के अनुसार लोकपाल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर ,पटल सहायक तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी रखे जाने का प्रावधान है, मगर कार्यालय में एक भी कर्मी की नियुक्ति नहीं की गई है।

हालांकि इसको लेकर लोकपाल मनरेगा की ओर से कई बार पत्र लिखकर कार्य निष्पादन के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर आदि की स्टाफ की डिमांड भी की जा चुकी है। ऐसे में लोकपाल मनरेगा को ही सभी कार्य स्वयं करने पड़ रहे हैं।

साधनविहीन कार्यालय, फिर भी निस्तारण में प्रथम

मनरेगा लोकपाल कार्यालय भले ही साधनवहीन हो, मगर, इसके बावजूद भी कार्यालय शिकायत के निस्तारण में प्रथम स्थान पर है। लोकपाल मनरेगा ने बताया कि अब तक कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसमें 32 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक मुख्यालय से प्राप्त जांच रिपोर्ट एवं स्थलीय निरीक्षण के आधार पर निस्तारित की गई अधिकांशत: ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान तथा अन्य मनरेगा कर्मियों से दुरुपयोगित धनराशि की वसूली किये जाने का आदेश सहित जुर्माना एवं मनरेगा कर्मियों की सरकारी सेवा पुस्तिका में प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ-साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाना, विभागीय एवं विधिक कार्यवाही भी सम्मिलित है। लोकपाल मनरेगा गेंदनलाल वर्मा ने बताया कि सीमित संसाधनों के साथ ही ससमय शिकायतों के निस्तारण के प्रयास किए जा रहे हैं।

महिला को पीटकर घर से निकालने का आरोप

बीसलपुर, अमृत विचार: अतिरिक्त दहेज में कार और 25 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया गया।

क्षेत्र की एक विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 21 मई 2021 को बंडा शाहजहांपुर के एक युवक से हुई थी। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। 25 नवंबर को ससुर कमरे में आए और छेड़छाड़ की। जान से मारने की धमकी दी। 26 नवंबर को पति बाइक पर बैठाकर लाया और बीसलपुर के ईदगाह चौराहा पर छोड़ गया। पुलिस ने पति, ससुर, सास समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

डीएम ने एसआईआर को लेकर की बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

पूरनपुर नगर पालिका में एसआईआर के संबंध में बैठक करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

- **चेयरमैन समेत सभासदों से की सहयोग की अपील**

अमृत विचार: विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम की अध्यक्षता में पूरनपुर नगर पालिका कार्यालय में बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने पालिका चेयरमैन समेत सभासदों से एसआईआर के संबंध में जानकारी ली और सहयोग करने की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को पूरनपुर नगरपालिका कार्यालय में बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता और सभासदों से घर-घर जाकर किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण, जमा की जानकारी ली और अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि भ्रमण कर नगर वासियों को गणना प्रपत्र जमा करने के लिए जागरूक किया जाए। यदि किसी मतदाता का वोट अलग-अलग स्थानों पर है तो वह एक स्थान का गणना प्रपत्र भरें। बताया कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। बैठक में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी समेत सभासद मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स मीट में बच्चों ने दिखाया दम, पुरस्कृत

दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

पीलीभीत, अमृत विचार: फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल में सेकंड एनुअल इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, लांग जंप, डिस्कस, शॉट पुट आदि खेल कराए गए। इसकी शुरुआत ट्रस्टी तेजपाल सिंह राणा ने मसाल जलाकर कराई।

स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। लिटिल एंजेल स्कूल, बेनहर गुरुकुल, स्प्रिंगडेल, फ्यूचर इंटरनेशनल आदि स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। ट्रस्टी डॉ.अनवर हबीब, प्रमोद राणा ने बच्चों को मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सब जूनियर ओवरऑल चैंपियनशिप फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल को मिली। संचालन अंशप्रीत कौर, राकेश पाल ने किया।

एसआईआर कार्य में मुस्तैदी से जुट जाएं कार्यकर्ता

- **सपा ने परिनिर्वाण दिवस पर किया बाबा साहेब का नमन**
- **सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में हुई बैठक**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: नकटादाना चौराहा के पास स्थित सपा के कार्यालय पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जमा हुए। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान मासिक बैठक भी हुई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कार्यकर्ता एसआईआर के कार्य में मुस्तैदी से जुड़ें। प्रत्येक पदाधिकारी अपने-अपने बूथों पर शत-प्रतिशत एसआईआर कार्य सुनिश्चित करवाएं। मुख्य अतिथि समाजवादी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र बरेली मुरादाबाद के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर रहे।

बैठक का संचालन सदर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी ने किया। इस दौरान एसआईआर पुनरीक्षण को लेकर गहन समीक्षा के बाद निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, मखदूम खान, अकबर अहमद अंसारी, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, युवजन सभा जिला अध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, नरेन्द्र गोस्वामी, अमित पाठक एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

सपा प्रत्याशी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया



बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सपा प्रत्याशी दानिश अख्तर पीलीभीत में थे। उन्होंने मासिक बैठक में शामिल होने के बाद प्रेसवार्ता की। इस दौरान अपनी प्राथमिकताओं से अधिक मतदाता सूची में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए। कहा कि हाईकमान के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मंडल निर्वाचन आयोग तक इसकी शिकायत दर्ज करा चुका है। पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी दानिश अख्तर ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रकाशित मतदाता सूची में कई मतदाताओं को दोहरी बार जोड़ा गया है। कई मतदाताओं के फोटो एक ही व्यक्ति के हैं और नाम अलग। एक शिक्षक मतदाता को मात्र 20 वर्ष उम्र का दर्शाया गया है, जबकि एक ही नाम के कई वोट शामिल हैं। इसके अलावा स्कूल के नाम पर और पता तक ठीक से नहीं लिखा है। ये भी आरोप लगाया कि आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, बाराबंकी, फिरोजाबाद समेत कई अन्य जिलों के मतदाताओं के नाम भी सूची में शामिल हैं।

वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक संपन्न

ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा को बुके देते सचिव व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

अमृत विचार : बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बीपैक्स) गजरौला की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक समिति परिसर में हुई। जिसमें बीते वित्तीय वर्ष का लेखा समिति के सचिव रामदयाल वर्मा ने पेश किया। पूरे वित्तीय वर्ष का अर्जित लाभ 5.94 लाख होना बताया गया।

समिति के अध्यक्ष सतरन जीत सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा रहीं। उन्होंने कहा कि किसानों को समय से खाद-बीज एवं ऋण समिति उपलब्ध कराती है। समिति सचिव रामदयाल वर्मा ने एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक का बीते वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में शाखा प्रबंधक संतोष कुमार कुशवाहा, प्यारेलाल, सर्वजीत सिंह, साधू सिंह आदि थे।

शहर में आज

- सूरजभान डिग्री कॉलेज में चल रहे बीसलपुर महोत्सव का समापन दोपहर 2 बजे से।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 6 बजे।
- समस्त सीएचसी-पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ पर साप्ताहिक यज्ञ सुबह 6 बजे।

न्यूज ब्रीफ

कोर्ट के आदेश पर मारपीट और छेड़छाड़ की रिपोर्ट

पीलीभीत, अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर जहानाबाद पुलिस ने मारपीट और छेड़छाड़ की रिपार्ट दर्ज की है। जिसमें क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 22 अक्टूबर को शाम छह बजे मनोहर लाल पुत्र परमेश्वरी दयाल ने उसके घर के आगे खड़े नरेश कुमार पुत्र भूपराम के ठेले में आग लगा दी थी। जब उसके जेठ ने विरोध किया तो मनोहर लाल ने झगड़ा शुरू कर दिया। जब उसने और उसके देवर ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपी मनोहर लाल, सुनील, सुरेंद्र कुमार, दीपक ने मारपीट की। पीड़िता से छेड़छाड़ की गई और कुंडल व मंगलसूत्र छीन ले गए। परिवार की अन्य महिलाओं को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

टेंट का काम करने वालों में चले लाठी-डंडे

बीसलपुर, अमृत विचार : टेंट हाउस का सामान किराए पर देने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। घटना शुक्रवार रात नौ बजे हुई। मोहल्ला दुबे निवासी भगवान दास और आकाश कुमार दोनों टेंट का काम करते हैं। टेंट हाउस का सामान किराए पर देने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। गाली गलौज के बाद एक दूसरे पर हमला किया। एक पक्ष के भगवान दास, गीता देवी, खुशबू और दूसरे पक्ष के प्रवेश कुमार, केशावती, शुभम, विजय कुमार लहूलुहान हो गए। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

गांव धनगवां में ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट

बिलसंडा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव धनगवां निवासी हरिश्चंद्र उर्फ रमेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 30 नवंबर की रात 11 बजे टंकी में पानी भर रहा था। तभी गांव के गिरजाशंकर, सर्वेश, नरेंद्र, अवनीश ने गाली गलौज और मारपीट की। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बदनाम लस्सी पर पकड़ी गई टैक्स चोरी

डेढ़ करोड़ रुपये की बिक्री पर जमा किए 50 हजार, छापेमारी के दौरान टीम ने सीज किया स्टॉक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : शहर की चर्चित बदनाम लस्सी प्रतिष्ठान के मालिक एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मंडल उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना के प्रतिष्ठान पर जीएसटी चोरी पकड़ी गई। छापेमारी के दौरान पिछले वित्तीय वर्ष में डेढ़ करोड़ से अधिक की भारी-भरकम बिक्री के बावजूद प्रतिष्ठान ने महज़ 50 हजार रुपये टैक्स जमा किया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में फर्जी तरीके से आईटीसी का लाभ उठाकर राजस्व को चूना लगाया।

निरीक्षण के बाद टीम ने न सिर्फ स्टॉक सीज किया, बल्कि टैक्स चोरी के लंबे सिलसिले की भी परतें खोल दीं। उन पर कुल 17.50 लाख का टैक्स निकाला। जिसमें उनके द्वारा मौके पर दो लाख रुपये जमा किए गए। टीम ने उन्हें शेष टैक्स जमा करने के लिए 10 दिसंबर तक का समय दिया है। साथ ही अन्य अभिलेख भी जब्त किए हैं। छापेमारी से व्यापारियों में खलबली मच गई। जानकारी पर संगठन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि टीम अपनी कार्रवाई में जुटी रही।

बदनाम लस्सी पर छापेमारी करती जीएसटी टीम व मौजूद प्रतिष्ठान संचालक।

- बिल न देने की मिली थी जीएसटी को शिकायत
- वर्ष 2024-25 में फर्जी तरीके से आईटीसी का लिया लाभ

असम चौराहा पर स्थित चर्चित बदनाम लस्सी प्रतिष्ठान को लेकर बीते दिनों में बिल न देने और टैक्स चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलने के बाद जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने टीम के साथ शनिवार को उनके प्रतिष्ठान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान खलबली मच गई। दुकान संचालक ने काउंटर आदि बंद कर दिए। व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर हुई छापामारी का पता चलते ही संगठन और अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। शुरुआत में दबाव बनाने की कोशिश की गई, लेकिन टीम के आगे नहीं चल सकी। करीब चार घंटे चली पड़ताल के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 में डेढ़ करोड़ की बिक्री की गई। जिसके हिसाब से उनका टैक्स 17.50 लाख रुपये बना। मगर उनके द्वारा टैक्स में सिर्फ 50 हजार रुपये जमा किया गया। इतना ही नहीं दुकान के लिए खरीदे गए दूध, चीनी, खोया आदि में टैक्स चोरी की गई।

स्टॉक भी किया गया सील

बदनाम लस्सी के द्वारा टैक्स चोरी के अलावा दुकान और गोदाम में मिले स्टॉक के भी कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। दुकान में बड़ी मात्र में कई खाद्य पदार्थ और अन्य सामग्री मिली। उनके बिल अभिलेख नहीं मिले। इतना ही नहीं क्रय किए गए माल को उन्होंने आईटीसी में शामिल करते हुए टैक्स चोरी की गई। इस पर टीम ने उनका स्टॉक भी सील कर दिया है। साथ ही उन्हें अभिलेख प्रदर्शित करने के लिए कहा गया। इतना ही नहीं वर्तमान के स्टॉक और क्रय विक्रय के बिल भी मांगे गए हैं।

बदनाम लस्सी प्रतिष्ठान पर टैक्स चोरी और बिल न देने की शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान पिछले वर्ष में 17 .50 लाख की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। मौके पर संचालक ने दो लाख रुपये जमा किए है। शेष के लिए उन्हें समय दिया गया है। इसके अलावा अभिलेख और स्टॉक सील कर दिया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। - **अनिरुद्ध सिंह**, जीएसटी कमिश्नर

उन्होंने आईटीसी के तहत लाभ लिया। इसके अलावा मौके पर मौजूद ग्राहकों को कोई भी बिल जारी नहीं किया जा रहा है। इस पर पिछले वित्तीय वर्ष के क्रय विक्रय बिल मांगे गए तो वह नहीं दिखा सके। जोकि सीधे तौर पर टैक्स चोरी साबित हुआ। इतना ही नहीं वर्तमान में भी टैक्स चोरी देखने को मिली है। इसके अलावा स्टॉक का भी रिकॉर्ड नहीं मिला। इस पर टीम ने उन्हें टैक्स जमा करने के लिए कहा गया। इस पर संचालक डालचंद सक्सेना के द्वारा मौके पर दो लाख रुपये जमा किए गए। इस पर टीम ने उन्हें 10 दिसंबर तक बकाया टैक्स जमा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नोटिस जारी किया है।

इधर, छापामारी के बाद ये भी चर्चा रही कि दूसरे ब्रांच बदनाम होटल पर भी जीएसटी टीम के निशाने पर है। हालांकि टीम ने होटल पर छापेमारी कार्रवाई नहीं की है। बताते हैं कि टीम गोपनीय ढंग से पड़ताल कर रही है। टीम में वेदप्रकाश शुक्ला, योगेंद्र सिंह, ताराचंद शामिल रहे। उधर, व्यापारी नेता डालचंद सक्सेना का कहना है कि टीम के द्वारा जो भी जानकारी मांगी गई, वह उपलब्ध करा दी गई है।

इस्तेमाल किए गए सैनिटरी पैड्स को कूड़ेदान में फेंकें

छात्राओं को जानकारी देतीं कव्यंजलि त्रिवेदी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में हुआ मेनस्ट्रुअल अवेयरनेस सेमिनार

अमृत विचार: गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में शनिवार को कक्षा पांच से आठ तक की छात्राओं के लिए मेनस्ट्रुअल अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व कव्यंजलि त्रिवेदी (बैचलर ऑफ साइंस (बैचलर ऑफ एजुकेशन) ने किया। छात्राओं को मेंस्ट्रुएशन की मूल बातों के बारे में जानकारी दी। इसे एक सामान्य प्रक्रिया के रूप में समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

छात्राओं ने मेनस्ट्रुअल चक्र के बारे में विस्तार से जाना और इसके विभिन्न चरणों को समझा। स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को बताया गया। सेमिनार में मेंस्ट्रुएशन से जुड़े मिथकों और तथ्यों के बीच के अंतर को स्पष्ट किया गया। पीरियड्स के दौरान होने वाले शारीरिक और भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में चर्चा की गई। इन्हें प्रबंधित करने के तरीकों के बारे में छात्राओं ने सीखा। साथ ही आत्मविश्वास बनाए रखने और पीरियड्स के दौरान आरामदायक जीवन जीने के सुझाव दिए गए। ये भी बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए सैनिटरी नैपकिन्स या पैड्स, टैम्पोन, मेनस्ट्रुअल कप आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। कहा कि इस्तेमाल किए सैनिटरी नैपकिन्स या पैड्स को कूड़ेदान में फेंकें। टैम्पोन को भी कूड़ेदान में फेंकें। मासिक धर्म के दौरान पौष्टिक आहार हरी सब्जियां, फल, नट्स और बीज, साबुत अनाज, आयरन और कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थ का सेवन करें।

ड्यूटी से नदारद चालक और परिचालक पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 25 से अधिक चालक-परिचालक तीन माह से बिना सूचना गायब

अमृत विचार : लंबे समय से ड्यूटी से नदारद चल रहे चालक और परिचालकों पर अब विभाग सख्त है। पीलीभीत डिपो में तीन माह से भी अधिक समय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहे 25 से ज्यादा कर्मचारियों की सूची तैयार कराई जा रही है। उन पर कार्रवाई की तैयारी है।

एआरएम विपुल पाराशर ने बताया कि डिपो में कार्यरत कई चालक और परिचालक महीनों से बिना किसी वैध कारण के ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं। इससे रूटों पर बस संचालन प्रभावित हो रहा है और कई बार स्टाफ की कमी के चलते बसों को तय समय पर भेज पाने में दिक्कतें आती हैं।

इसका सीधा असर यात्रियों की सुविधा पर पड़ रहा है। स्थिति का संज्ञान लेते हुए एआरएम ने वरिष्ठ केंद्र प्रभारी से सभी अनुपस्थित कर्मचारियों की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराने को कहा है। रिपोर्ट में प्रत्येक कर्मचारी की अनुपस्थिति की अवधि, कारण और वर्तमान स्थिति का ब्योरा मांगा गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दस्तावेज मिलने के बाद मामले की गहन जांच की जाएगी और जो भी कर्मचारी बिना सूचना इतने लंबे समय से गायब हैं, उनके खिलाफ नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गेमिंग एप से बनाते रहे लोगों को निशाना, छह लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: अभी कुछ दिन पहले ही फर्जी तरीके से कॉल सेंटर संचालित कर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना अमृतपाल को जेल भेजा गया था। उसी के साथ ही आरोपी मनजीत ने भी काम सीखा था। मनजीत की अगस्त 2024 में दुबई में ही आरोपी विक्रांत उर्फ विक्की और अमृतपाल से मुलाकात हुई थी। विक्की ने उसे कॉल सेंटर में काम दिलाया था और 30 हजार रुपये प्रतिमाह की नौकरी की थी। दो-तीन माह पूर्व वह और अमृतपाल पीलीभीत आ गए थे। अमृत अपने घर से और मनजीत रुद्रपुर व माधोटांडा से कॉल सेंटर संचालित करते थे। पुलिस ने शनिवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से हुई पूछताछ में इस कॉल सेंटर में भी जालसाजी के पीछे गेमिंग एप का ही सहारा सामने आया है। आरोपियों ने बताया कि वह फेयर प्ले 247.गेम्स वेबसाइट पर फ्रोजन सॉफ्टवेयर के द्वारा डायलर के माध्यम से कस्टमर को कॉल करके फंसाते थे। गेमिंग एप एविएटर, रम्मी के जरिए लोगों को कॉल करके गेम खेलने के लिए प्रेरित करते और पहले इनाम जीतने पर ऊंची रकम का झांसा देते थे। सर्वप्रथम व्यक्ति जब पहली बार गेम खेलता तो उसे जीती रकम भेजी जाती और फिर खाते की डिटेल मिलते ही उसमें जमा रकम उड़ा लिया करते थे। आरोपी विक्रांत उर्फ विक्की इन सभी का ट्रेनर है। इनको सिम कार्ड प्रियांशु दीक्षित या बैंक खाते धर्मेंद्र उपलब्ध कराता था।

आम नागरिकों से अपील : पुलिस ने इस तरह के फ्रॉड केस सामने आने पर आम नागरिकों से भी अपील की है। जब भी सिम कार्ड खरीदें तो यह सुनिश्चित कर लें कि दो बार अंगूठा तो नहीं लगवाया गया है। इसके अतिरिक्त संचार साथी एप पर अपने आधार कार्ड नंबर डालकर यह देख लें कि उनके आधार कार्ड पर कितने नंबर एक्टीवेट हैं। इसके अलावा किसी साइबर ठग या जालसाज द्वारा दिए गए पैसों के लालच में अपने खातों का विवरण पासबुक व सिम नंबर न दें।

पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले जालसाज।

- अमृतपाल से आरोपियों ने ठगी का काम सीख शुरू किया काल सेंटर

पकड़े गए आरोपी पहले उत्तराखंड के रुद्रपुर में गाबा चौक में कॉल सेंटर चलाते थे। लैपटॉप, मोबाइल, एलईडी अन्य सिस्टम का इस्तेमाल वहीं पर किया करते थे। अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद भागकर माधोटांडा आ गए और दिल्ली भागने की फिराक में थे और धरे गए।

- **अभिषेक यादव**, एसपी

गोरखपुर के राकेश का नाम भी आया प्रकाश में

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे खातों पर उड़ीसा, तमिलनाडु, बिहार, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, गुजराज, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि से साइबर फॉड के मामले सामने आने पर होल्ड हुए हैं। इसे लेकर भी डिटेल जुटाई गई है। गिरोह को ब्लैक सिम कार्ड और खाते आदि का विवरण उपलब्ध कराने वाले अन्य लोगों की भी तलाश पुलिस कर रही है। गोरखपुर के रहने वाले मुकेश प्रजापति का नाम भी प्रकाश में आया है। वही फर्जी सिम कार्ड और बैंक खाते ऊंचे दामों पर मुहैया कराता है।

सूर्या मेडिकल से 23 एविल इंजेक्शन बरामद, सील

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करती औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य। ● अमृत विचार

- औषधि विभाग ने मारा छापा, 11.70 लाख का ऑनलाइन मिला भुगतान
- नहीं दिखा सके पक्के बिल कोडीन कफ सीरप प्रकरण में था नामजद

अमृत विचार : बरखेड़ा में प्रतिबंधित कफ सीरप की बरामदगी के बाद औषधि विभाग की कार्रवाइयों का सिलसिला तेज है। शनिवार को सूर्या मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक ने छापा मारा। टीम को 23 एविल इंजेक्शन मिले। मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। मेडिकल स्टोर संचालक दवा से जुड़े क्रय विक्रय के बिल नहीं दिखा सका। हालांकि इस बार स्टोर से कोडीन युक्त कफ सीरप बरामद नहीं हुए। फिलहाल अग्रिम आदेशों तक के लिए दवा की बिक्री पर रोक लगा दी है।

बता दें कि बरेली की एक फर्म के द्वारा बरखेड़ा के सूर्या मेडिकल स्टोर पर कोडीन युक्त कफ सीरप की खेप भेजी गई थी। छापेमारी के दौरान ऑनलाइन पेमेंट से इसकी पकड़ हुई। बरेली की टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर वहां से बड़ी मात्र में कफ सीरप बरामद किए थे। इतना ही नहीं इस मामले में उनके खिलाफ बरेली में एफआईआर भी दर्ज की गई है। इसी क्रम में औषधि विभाग की टीम ने शनिवार शाम पांच बजे स्टोर पर एक बार फिर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि मेडिकल स्टोर पर खरीद और विक्रय के अभिलेख उपलब्ध नहीं थे। इसके साथ ही दुकान के भीतर प्रतिबंधित श्रेणी में आने वाले एविल इंजेक्शन की 23 वायल मिलीं, जिन्हें सील कर कब्जे में लिया गया। हालांकि कफ सीरप की बरामदगी नहीं हुई।

सूर्या मेडिकल स्टोर पर अन्य अनियमितताएं भी सामने आईं। औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने बताया कि स्टोर से कोडीन कफ सीरप नहीं मिला है, लेकिन आवश्यक दस्तावेजों की अनुपलब्धता और प्रतिबंधित इंजेक्शन मिलने के चलते स्टोर को अग्रिम आदेशों तक सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 लाख 70 हजार 50 रुपये का ऑनलाइन भुगतान भी स्टोर से संबंधित लेन-देन में सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है। औषधि विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में भी हड़कंप मचा है। कफ सीरप को लेकर जिले में अलर्ट है। अन्य मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की जा रही है।

घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर रिपोर्ट

बीसलपुर, अमृत विचार: क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने शुक्रवार को नगर के मोहल्ला ग्यासपुर में छापेमारी कर 20 घरेलू गैस के सिलेंडर की गाड़ियों में रिफिलिंग पकड़ी थी। इस मामले में अब कार्रवाई की गई है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को एक सूचना मिलने पर मोहल्ला ग्यासपुर में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मोहल्ला ग्यासपुर निवासी निसाले शाह के मकान में 20 घरेलू कुकिंग गैस के सिलेंडर अनाधिकृत रूप से रखे हुए मिले थे। इन सिलेंडरों से कारों में रिफ्लिंग की जा रही थी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज कुमार शर्मा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

डॉ. आंबेडकर का जीवन सामाजिक क्रांति का अदम्य सफर

कार्यक्रम में जमा हुए भीम आर्मी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पीलीभीत, अमृत विचार: संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भीम आर्मी की ओर से कार्यक्रम किया गया। जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय की अगुवाई में कार्यकर्ता बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हीरपुर में जमा हुए और बाबा साहेब का नमन किया। कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति की यात्रा नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का अदम्य सफर रहा। गुलामी, भेदभाव और अत्याचार की बेड़ियों को तोड़ते हुए उन्होंने स्वयं को शिक्षित किया और पूरे समाज को शिक्षा, न्याय और समानता का मार्ग दिखाया।इस मौके पर भीम आर्मी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राजाराम माथुर , भाईचारा कमेटी सचिव नईम रज़ा, बीसलपुर तहसील अध्यक्ष हरीश गंगवार, बमरौली न्याय पंचायत अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि, अखिलेश कुमार गौतम आदि रहे।

126 वाहनों का किया चालान

पीलीभीत, अमृत विचार: एसपी अभिषेक यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को भी यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग की। इस दौरान वाहन चालकों को नियम का पालन करने के लिए जागरुक किया। साथ ही उल्लंघन पर चालान भी किए। टीएसआई राघवेंद्र सिंह ने बताया कि 126 वाहनों का चालान करते हुए 1.63 लाख रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। 32 डग्गामार वाहनों पर भी कार्रवाई की है।

आबकारी और पुलिस टीम ने मारा छापा : दियोरियाकलां। कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम सौंधा गोटिया में छापा मारा। गांव के ही उमेश पुत्र झाझनलाल के घर से 20 क्वाटर अवैध देशी शराब बरामद की। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

आज भी ढाई घंटे बंद रहेगी बिजली

पीलीभीत, अमृत विचार: दिनभर की बिजली की आंखमिचौली उपभोक्ताओं को परेशान कर दिया। अब रविवार को भी सुधार कार्य के नाम पर सप्लाई बाधित रहेगी। हालांकि इसे लेकर पूर्व में ही सूचना पावर कारपोरेशन की ओर से प्रेस नोट जारी कर दे दी गई है। लंबे समय से शहर की बिजली व्यवस्था लड़खड़ाई चल रही है। इसका सुधार सिर्फ दावों में हो सका है। शनिवार को भी काफी देर तक सप्लाई बाधित रही। छोटी मार्केट, मोहल्ला अशरफ खा, खकरा समेत कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित रही। इसे लेकर उपभोक्ता परेशान रहे। इधर, रविवार को भी उपभोक्ताओं को बिजली संकट से जूझना पड़ेगा। सुधार कार्य के चलते रामलीला उपकेंद्र क्षेत्र से जुड़े इलाकों में सप्लाई सुबह 11 से दोपहर डेढ़ बजे तक बंद रहेगी। इसकी सूचना एक दिन पहले ही जारी कर दी गई है।

परैवा वैश्य में हुई गोकशी तालाब में मिले अवशेष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एसओजी और सर्विलांस टीम भी मौके पर पहुंची

अमृत विचार : एक तरफ एसपी के निर्देश पर गोमांस तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कई तस्करों को मुठभेड़ के बाद पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी बीच एक और वारदात को अंजाम दिया गया। ग्राम परेवा वैश्य में गोकशी की गई। तालाब में अवशेष मिलने पर लोग जमा हुए और घटना पर नाराजगी जताई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी ने एसओजी और सर्विलांस टीम को भी सुरागरसी के लिए लगाया है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम परेवा वैश्य में तालाब है। शनिवार सुबह तालाब में गोवंश के अवशेष मिले। इस पर नजर पड़ी और गोकशी का शोर मचा तो भीड़ जमा हो गई। विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता भी पहुंच गए। गोमांस तस्करों पर कार्रवाई करने की मांग की गई। थाना -चौकी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। सूचना मिलने पर सीओ सदर /सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। फील्ड यूनिट टीम के एक्सपर्ट भी सुरागरसी को पहुंचे। लोगों का कहना था कि कई बार अवशेष मिल चुके हैं, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसपी अभिषेक यादव ने एसओजी और सर्विलांस टीम को मौके पर भेजा और जल्द खुलासा के निर्देश दिए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है।

गाड़ी बेचने के नाम पर ठगे 50 हजार

पीलीभीत, अमृत विचार : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम भौना निवासी गायत्री देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अमरिया क्षेत्र के ग्राम धुंधरी निवासी मनोज पुत्र गंगाराम से उसकी एक गाड़ी खरीदने की बात हुई थी। जिसमे बयाने के तौर पर उसने 50 हजार रुपये मनोज को दे दिए थे। अब मनोज न तो उसको गाड़ी दे रहा है और न ही बयाने के रुपये वापस कर रहा है। 22 नवंबर को दोपहर साढ़े तीन बजे जब वह अपनी पुत्री छवि के साथ मनोज के घर ग्राम धुंधरी में गई और रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

फायरिंग के बीच लापता किशोर का नदी में मिला शव

संवाददाता, बीसलपुर

मौके मुआयना कर जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

मृतक विकास

- बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर करोड़ का मामला
- परिवार ने हत्या करने का आरोप लगाया, पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार : जमीन के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने फायरिंग की तो दूसरे पक्ष के लोग जान बचाने के लिए भागे। इसी दौरान रहस्यमय ढंग से लापता हुए किशोर का शव कुछ देर बाद देवहा नदी से बरामद हुआ। मृतक के परिवार ने फायरिंग करने वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर करोड़ निवासी बलराम सिंह और गांव रम्पुरा नगरिया के एक ग्रामीण से देवहा नदी किनारे जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद है। पहले भी दोनों पक्ष कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। शनिवार सुबह भगवंतपुर करोड़ निवासी बलराम सिंह अपने पुत्र पंकज कुमार, पौत्र विकास कुमार के साथ जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल को देखने गए थे। इसी दौरान आरोप है कि दूसरे पक्ष ने आकर गाली गलौज की। फायरिंग शुरू कर दी। इस पर बलराम सिंह अपने पुत्र और पौत्र को लेकर मौके से जान बचाने के लिए भागे। इसी बीच उनका पौत्र विकास कुमार रास्ते से लापता हो गया। उसकी काफी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

सीओ प्रगति चौहान भी आ गई। उन्होंने बरेली से गोताखोरों को बुलाकर देवहा नदी में विकास सिंह की खोज शुरू कराई। काफी देर की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने 17 वर्षीय विकास सिंह का शव नदी से बरामद कर लिया। परिवार वालों ने विकास की हत्या का आरोप लगाया। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुटी है।

बीसलपुर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि किशोर का शव नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार से अभी तहरीर नहीं मिली है। जांच कराई जा रही है।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 7 दिसंबर 2025



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रो सिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

सीडीओ की अगुवाई में डीएम की ओर से गठित कमेटी कर रही जांच

टेंडर का खेल : 10 दिन बीत जाने के बाद भी मुहैया नहीं कराए अभिलेख

जिला पंचायत के कई पंजीकृत ठेकेदारों की ओर से 27 नवंबर को की गई थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः जिला पंचायत में बीते दिनों किए गए टेंडर में नियम-शर्तों को दरकिनार कर खेल करने का आरोप ठेकेदारों की ओर से लगाया और शिकायत मिलने पर डीएम की ओर से जांच कमेटी गठित कर दी गई। मगर, 10 दिन बाद भी जांच को पूरा नहीं किया जा सका है। शिकायतकर्ताओं का मानना है कि किए गए खेल के बाद अब बचाव की तैयारी की जा रही है। इधर, टीम को अभी तक अपर मुख्य अधिकारी की ओर से टेंडर से जुड़े अभिलेख ही मुहैया नहीं कराए गए हैं। ऐसे में जांच अधर में अटकी हुई है। वहीं, इसे लेकर जिला पंचायत के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और आरोप प्रत्यारोप के बीच तस्वीर साफ अभी भी नहीं हो सकी है।

बता दें 27 नवंबर को जिला पंचायत के कई पंजीकृत ठेकेदारों ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि पंचायत राज अनुभाग 2 उत्तर प्रदेश शासन के अनुपालन में जिला पंचायत में पंचायत राज वित्त आयोग 15वीं वित्त आयोग (अपटाइड एवं टाइट फंड) की संस्तुतियों के तहत प्राप्त अनुदान के सापेक्ष 95 परियोजनाओं के निर्माण कार्य के लिए ई-निविदाएं 21 नवंबर को आमंत्रित की गई थी। जिसमें शर्त संख्या चार में ठेकेदारों को श्रम विभाग में फर्म ठेकेदार का कम से कम 10 श्रमिकों का पंजीकरण प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य किया गया था। आरोप है कि ठेकेदार तौकीर मलिक, अखलाक अहमद आदि ने 10 श्रमिकों का पंजीकरण अपलोड न करके पांच श्रमिकों का पंजीकरण प्रमाण पत्र अपलोड किया। अखलाक अहमद ने किसी भी श्रमिक का पंजीकरण प्रमाण पत्र अपलोड ही नहीं किया। इसे ई-निविदा सूचना की शर्तों का उल्लंघन बताया था। आरोप था कि 25 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश वाले दिन टेंडरों को खोला गया। उसी समय तकनीकी निविदा को भी खोलकर एल- 1 फाइनेंशियल कर दिया गया। जबकि चंद मिनट के भीतर ऐसा किया ही नहीं जा सकता। ठेकेदारों ने ऑनलाइन डाले गए टेंडरों को निरस्त करने की मांग की थी। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ की अगुवाई में जांच कमेटी गठित कर दी थी। जिसके बाद खलबली मच गई थी। इस शिकायत को 10 दिन से अधिक समय बीत चुका है। इससे संबंधित ठेकेदारों के बयान भी लिए जा चुके हैं। मगर, जांच को पूरा नहीं किया जा सका है। कमेटी की ओर से की जा रही जांच के बीच इस मामले को दबाने की तैयारी की जा रही है। जिम्मेदार सब कुछ ठीक बता रहे हैं लेकिन दस दिन बीतने के बाद भी अभी तक जिला पंचायत के अधिकारी जांच टीम को अभिलेख नहीं मुहैया करा सके हैं। इसे लेकर जांच अधर में है। चर्चा से भी है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों गलत साबित करने के लिए भी जद्दोजहद चल रही है। उधर, दूसरे पक्ष के ठेकेदार सब नियमानुसार और पारदर्शिता से टेंडर होने की बात कह रहे हैं। फिलहाल जिला पंचायत में टेंडर के खेल का मामला सुर्खियां बना हुआ है। शिकायत करने वाला पक्ष टेंडर निरस्त करने की मांग कर रहा है। फिलहाल संगीन आरोपों के बावजूद अब तक जांच पूरी न होने से चर्चाओं का बाजार गरमा रहा है। वहीं, ये तस्वीर भी स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि टेंडर प्रक्रिया नियमानुसार हुई या नहीं।

तो छुट्टी पर गए इंजीनियर के डोंगल का इस्तेमाल

जिन टेंडरों की शिकायत की गई है, वह करीब 25 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों के बताए जा रहे हैं। इसकी शिकायत के बाद चल रही जांच भले अभी पूरी नहीं हो सकी है। इस मामले में एक बात और सामने आ रही है। बताते हैं जो इंजीनियर ड्यूटी पर था ही नहीं और अवकाश पर गया था। उसके डोंगल का अवैध तरीके से इस्तेमाल किया गया है। जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

> इस मामले की जांच कराई चल रही है। अपर मुख्य अधिकारी से अभिलेख मांगे गए हैं, जोकि अभी प्राप्त नहीं हुए हैं। जल्द ही जांच पूरी कर रिपोर्ट भेजी जाएगी। - राजेंद्र कुमार श्रीवास, सीडीओ

ससुरालियों पर बेटे की हत्या करने का लगाया आरोप

- मृतक के पिता ने जहानाबाद थाने में दी नामजद तहरीर
- संदिग्ध हालात में युवक की मौत के मामले में नया मोड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में अब परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी व उसके अन्य मायके वालों पर मारपीट कर हत्या करने की तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बारादरी (बरेली) के मोहल्ला दुर्गानगर गुसाई गौटिया निवासी पन्नीलाल पुत्र होरीलाल ने जहानाबाद थाने में दी तहरीर में बताया कि वह मूल रुप से देवरनिया थाना क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया मोहम्मद हुसैन के रहने वाले हैं। उनके पुत्र राजेश कुमार का पुत्रवधू से मनमुटाव रहता था।

दो दिसंबर को पुत्रवधू की मौसेरी बहन की शादी जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम ललौरीखेड़ा में थी। इसमें शामिल होने के लिए पुत्रवधू झगड़ा कर दो दिन पहले चली गई थी। दो दिसंबर को पुत्रवधू ने कॉल कर बेटे राजेश को शादी में शामिल होने के लिए बुलाया था। उसी रात करीब साढ़े आठ बजे राजेश ने कॉल कर कहा कि उसे बचा लें, ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। पीछे से शोर की आवाज आ रही थी। 2.26 मिनट बाद कॉल कट गई। इसके बाद पुत्रवधू के मामा ने कॉल कर बताया कि राजेश का एक्सीडेंट हो गया है। उसी रात करीब 12 बजे ललौरीखेड़ा पहुंचे तो शादी में चंद लोग मौजूद थे। परिवार का कोई सदस्य नहीं था। जानकारी करने पर पता चला कि बेटे राजेश की मौत हो चुकी है और शव जिला अस्पताल परिसर स्थित मोर्चरी में रखा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भी कराया था। जिसमें शरीर पर कई चोटें आई है। उनका कहना है कि बेटे की उसके ससुरालियों ने हत्या की है। जहानाबाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट छाती में दर्द या भारीपन सांस फूलना पैरों में सूजन हाई ब्लडप्रेशर हाई कोलेस्ट्रोल डाइबिटीज (शुगर) सीने या पेट में जलन या दर्द हार्ट अटैक हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार

B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट)
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें
+91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक

पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

छात्रा ने गर्रा पुल से लगाई छलांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः गर्रा नदी पुल पर एक छात्रा ने अपना बैग नीचे रख दिया और नदी में छलांग लगा दी। नदी के किनारे खड़े लोगों ने छात्रा को बचा लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को मेडिकल कालेज भेज दिया। नदी में पानी कम था। सूचना पर छात्रा के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए।

चौक कोतवाली क्षेत्र में गर्रा नदी से कुछ दूरी पर एक छात्रा शनिवार की दोपहर 12 बजे उतरी। वह गर्रा नदी पुल पर आयी। वह अपनी पीठ पर स्कूल की किताबों का बैग लिया। पुल की रेलिंग के पास घूम रही थी। उसने स्कूल का बैग पुल के किनारे रख दिया और एक दम रेलिंग पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी। लोगों ने उसे नदी में गिरते

पुल पर लगी लोगों की भीड़।

देखा तो नदी के आस-पास जानवर चरा रहे लोग दौड़कर गए और छात्रा को नदी से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही राजघाट पुलिस के दरोगा और सिपाही पहुंच गए और छात्रा को पुल के ऊपर लेकर आए। नदी में पानी कम होने के कारण उसके शरीर में चोट आ गयी थी। छात्रा दर्द के कारण चिल्ला रही थी। पुलिस बैग की तलाशी ली तो उसके बैग में कालेज का पहचान पत्र मिला। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा है और कक्षा नौ की छात्रा है। पुलिस ने बेहोशी की हालत में छात्रा को मेडिकल कालेज भेज दिया है। पुलिस ने परिवार वालों को सूचना कर दी। परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव उधौपारा की की छात्रा है। वह शहर में एक इंटर कालेज की कक्षा नौ की छात्रा है। उन्होंने बताया कि छात्रा कुछ बता नहीं रही है कि नदी में क्यों छलांग लगा दी है। परिवार वालों का कहना है कि घर से सुबह सही सलामत कालेज गयी थी और यह कदम क्यों उठाया, कुछ जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बढौरा में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

पुवायां, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बढौरा केमनमून, महताब और एहसान ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया था कि वारिस, आरिफ़ और हिनाबानो ने उन्हें फर्जी कागज थमाकर ठगी की।

पीड़ितों के अनुसार मनमून ने हिनाबानो के खाते में 90,000 और 1 लाख नकद दिए। महताब ने हिनाबानो के खाते में 43,000 तथा 1,10,000 नकद वारिस को दिए, जबकि एहसान ने 90,000 नकद और 10,000 खाते में जमा किए। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से रुपये मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे। हाल ही में जब वे पैसे मांगने गए तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने कार्रवाई की मांग की है।

70 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार: चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीवान जोगराज निवासी सुक्खनलाल गुप्ता ने रोजा थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि रोजा मंडी समिति में एसएल फूड्स फर्म का प्रोपाइटर हूं और गुड़ व चीनी का थोक विक्रेता हूं। उनका मुख्य कार्यालय बहादुरगंज में है। उन्होंने अपनी फर्म के माध्यम से पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में कलिमिया भंडार एवं नेकी गारमेंट्स से वर्ष 2017 से 2024 तक व्यापार किया था। उन्होंने हिसाब लगाया तो फर्म पर 70 लाख 70 हजार 600 रुपये बकाया निकला है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आठ लाख की चोरी की जांच सीओ सिटी को दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: रोडवेज बस अड्डे से नगदी, जेवर समेत आठ लाख की चोरी के खुलासे में पीड़ित संतुष्ट न होने से एसपी से आकर मिला। पीड़ित ने बताया कि विवेचना अधिकारी ने आरोपी के पास से बरामद जेवर में सिर्फ तीन अंगुठी और 550 रुपये दिखाए है। जबकि पूरा जेवर और रुपये बरामद हो गया था। विवेचनाधिकारी अन्य जेवर के बारे में कुछ नहीं बता रहे है। एसपी ने सीओ सिटी को जांच सौंपी है।

हरदोई जिले के बेहटा गोकुल के गांव सिरोमणीनगर निवासी बालकृष्ण बाजपेयी अपनी पत्नी के साथ शनिवार की दोपहर एसपी से आकर मिले और एक प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि 05 दिसंबर को परिवार समेत बरेली से ट्रेन से आने के बाद रोडवेज बस अड्डे पर गया। उन्होंने बस के अंदर बैग रख दिया और पत्नी व भाभी को सीट पर बैठाकर पानी बोतल लेने के लिए चला गया। उनका बैग चोरी हो गया। बैंग में दो अंगुठी जेंट्स, तीन लेडिज अंगुठी, सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झाले, साडिय़ां और दस हजार रुपये थे। पुलिस ने बरेली जिले के चोर गुरदयाल को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर फरीदपुर से एक सराफा की दुकान से जेवर बरामद किया था। पुलिस ने मात्र तीन अंगुठी दिखायी और अन्य जेवर के बारे में कुछ न बताकर कागज पर हस्ताक्षर कराने के लिए दबाव बनाया। उन्होंने कागज पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। पुलिस ने कहा कि दूसरा चोर भाग गया। वह चोरी के खुलासे संतुष्ट नहीं है। एसपी राजेश द्विवेदी ने पीड़ित को आश्वासन दिया कि जांच में जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने सीओ सिटी को जांच दी है।

रिश्तेदारों पर संपत्ति का हिस्सा हड़पने का आरोप

जैतीपुर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी रसवीर ने रिश्तेदारों पर संपत्ति का हिस्सा हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

रसवीर ने बताया उनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। कुछ रिश्तेदारों ने उनके हिस्से के मकान और कृषि भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। आरोप है कि उन्हें ट्रैक्टर, ट्रॉली, बाइक और पशुओं में भी हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। कहा कुछ माह पूर्व खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ दो लाख रुपये में बेच दिए गए थे, लेकिन उन्हें उसमें भी कोई हिस्सा नहीं मिला। तीन दिन पहले जब वह अपने घर आया तो दोनों रिश्तेदारों ने उन्हें घर में घुसने नहीं दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा जब वह अपने हिस्से की बात करते हैं, तो उनके भाई गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। इस मजबूरी के कारण वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल में रहकर किसी तरह गुजारा कर रहा हैं। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया अभी प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

न्यूज डायरी

गर्ल्स इंटर कॉलेज में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

बीसलपुर, अमृत विचार : बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवर को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत किए गए। 200 मीटर दौड़ की विजेता बेबी सिंह, आशी पटेल, जूडो में रश्मि, अनामिका, ऊंची कूद में मीनाक्षी, बैडमिंटन में काव्या मिश्रा, भारोत्तोलन आराध्या, मीनाक्षी, अंजलि, सपना, सेजल, रीना गंगवार, अनामिका, आयुषी, अनामिका, छवि आदि को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य अर्चना चौहान ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। शिक्षिका सीमा कुमारी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

सैनिक वेशभूषा में बच्चों ने आर्म्ड फोर्स फ्लैग डे मनाया

पीलीभीत, अमृत विचार : शैमरॉक किरन स्कूल में आर्म्ड फोर्स फ्लैग डे मनाया गया। बच्चों को सैनिकों की वेशभूषा में बुलाया गया। सुबह की प्रार्थना के दौरान शिक्षिकाओं ने आर्म्ड फोर्स के महत्व को समझाया। कहा कि देश में तीन प्रकार की सेनाएं जल, थल व वायु होती हैं। ये हमारी भिन्न - भिन्न प्रकार से रक्षा करते है। प्राइमरी के छात्र - छात्राओं ने सैनिकों के बलिदान व कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाते हुए एक सुन्दर स्किट प्रस्तुत की। अन्य बच्चों ने यह बताया कि सैनिक हमारे देश के प्रति पूर्ण समर्पित होकर अपना कार्य करते है। हम सबकी रक्षा करते है। परेड की और सैनिकों का आभार जताया। इस मौके पर शानी, पल्लवी, विप्रा, रश्मि, सायमा, रूचि मौजूद रही।

नगरिया बुजुर्ग के दो युवाओं ने थल सेना में चयन से बढ़ाया गौरव

जलालाबाद, अमृत विचार : भागांव के अंशुमान सिंह यादव पुत्र देशपाल सिंह यादव और सौरभ कुमार पुत्र अनिल कुमार ने कड़ी मेहनत और जुनून के साथ सेना प्रशिक्षण पूरा किया है। करीब सात महीने तक चले प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना कर सफलता प्राप्त की। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों और साथियों ने दोनों का मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाई। बच्चे उत्साहित होकर जवानों के साथ सेल्फी लेते नजर आए। परिजनों ने भावुक होते हुए कहा कि पुत्रों ने देश की सेवा का मार्ग चुना है, यह पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। अंशुमान सिंह ने बताया कि यह उनका अंतिम प्रयास था और यह सफलता बुजुर्गों के आशीर्वाद से मिली है।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में आईटीआई बरखेड़ा का रहा दबदबा

बरखेड़ा, अमृत विचार : राजकीय आईटीआई में जनपद स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगियों आयोजित की गई। जिसमें राजकीय आईटीआई बरखेड़ा का दबदबा रहा। प्रधानाचार्य गुंजन गुप्ता ने बताया कि 400 मीटर की दौड़ में कोपा ट्रेड के आनंद प्रथम, अनुराग तिवारी द्वितीय रहे। खो-खो में उनके कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम स्थान पाया। इसके अलावा वॉलीबॉल में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया।

न्यूज ब्रीफ

गन्ना ढुलाई वाहनों पर लगाया रिफ्लेक्टर टेप

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : प्रवर्तन अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र यादव ने गन्ना ढुलाई में लगे वाहनों का निरीक्षण किया। वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। निरीक्षण के बाद वाहन चालकों व मालिकों के साथ बैठक की गई। प्रवर्तन अधिकारी ने कहा कि गन्ना लादकर चलने वाले वाहनों की अधिकतम ऊंचाई 13 .2 फीट (माल सहित) से अधिक नहीं होनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिए कि सभी वाहनों में परमिट, फिटनेस, बीमा, टैक्स सहित सभी जरूरी दस्तावेज पूरे होने चाहिए।

फंदे से लटका मिला महिला का शव

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना फरधान के गांव हिलडोल्ना निवासी गोविंद की पत्नी काजल (21) की संदिग्धहालत में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर कमरे में लटका बरामद हुआ है। काजल के बहनोई मुकेश ने बताया कि गोविंद सुबह खेतों में गन्ना छीलने गया था। जब वह घर आया तो काजल नहीं मिली। कमरा भी अंदर से बंद था। उसने खिड़की से झांककर देखा तो शव लटका दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि काजल की शादी छह महीने पहले हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर की रेलवे स्टेशन पर अपनी बहन को बाइक पर छोड़ने आए हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव मनिकापुर निवासी संदीप कुमार की बाइक बाइक स्टेशन परिसर से चोरी हो गई। आसपास खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नं चलने पर उन्होंने कोतवाली में रिपार्ट दर्ज करा दी है।

चोरी के 17 मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना फरधान पुलिस ने जिला सिद्धार्थनगर के थाना देवरुआ के गांव पचौद अवधयी निवासी नवीशान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 17 मोबाइल बरामद किए हैं। एसआई जुनैद खां ने बताया कि आरोपी मौजूदा समय में कालंदर कॉलोनी दिलशाद गार्डन थाना सीमापुरी जिला सादरा दिल्ली में रह रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

स्थानीय लोगों ने की पहल की सराहना, कई गांवों के लोगों को मिलेगी राहत

बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का समाजसेवी ने उठाया बीड़ा

संवाददाता, मूड़ा सवारान

अमृत विचार: ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में लंबे समय से उपेक्षित पड़ी इमलिया फार्म की सड़क आखिरकार सुधरने की दिशा में बढ़ चली है। प्रशासन की अनदेखी और लगातार जलभराव से परेशान ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत मंझोरा के समाजसेवी और प्रगतिशील किसान गुरदीप सिंह खैरा ने स्वयं अपने स्तर पर सड़क मरम्मत का जिम्मा उठा लिया। उनके इस साहसिक कदम की स्थानीय लोगों में खूब सराहना हो रही है।

इमलिया फार्म के पास यह मार्ग क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। कई महीनों से बाढ़ और जलभराव के कारण सड़क पर करीब दो फुट तक पानी भरा हुआ था, जिससे ग्रामीणों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा था। आमतौर पर बरसात के मौसम में यहां दो महीने तक पानी रहता था, लेकिन इस बार बेमौसम बारिश और शारदा नदी किनारे बसे गांवों में आए बाढ़ के चलते जलस्तर कई हफ्तों तक कम नहीं हुआ।

सड़क की खराब हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ग्रामीणों को इमलिया फार्म से बिजुआ ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने में मात्र 3 किमी दूरी तय करनी होती है, लेकिन जलभराव के कारण उन्हें 20 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था। इससे न केवल किसानों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही थी, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों, मजदूरों, बीमारों और आम लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

समाजसेवी ने सड़क का निर्माण कराते समाजसेवी। ● अमृत विचार

शनिवार सुबह समाजसेवी गुरदीप सिंह खैरा ने स्वयं के खर्च पर ईंट के रोडे. व मिट्टी की व्यवस्था कर मजदूरों के साथ सड़क की मरम्मत का काम प्रारंभ किया। उनके इस कदम से विशेषकर गन्ना किसानों को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि अधिकांश किसान अपना गन्ना इसी मार्ग से लेकर चीनी मिलों की ओर जाते हैं। इस मार्ग से जुड़े प्रमुख गांवों में ढकिया खुर्द, कुंवरपुर, बझेड़ा, ढकिया कलां, शाहपुर नानक फार्म, जगदेवपुर, छंगा टांडा, प्रताप टांडा, सूरजपुर, जंगल नंबर 6 व 7 शामिल हैं। इन गांवों के लोग रोजमर्रा के कामों के लिए इमलिया फार्म से जगदेवपुर होकर बिजुआ तक आने-जाने को मजबूर थे, लेकिन जलभराव ने ग्रामीणों का जीवन लगभग ठप कर दिया था।

ग्रामीण बोले-कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में गुरदीप सिंह द्वारा किया गया यह कार्य ग्रामीणों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता और सहयोग भावना की सराहना करते हुए कहा कि यदि ऐसी पहलें बढ़ेंगी तो गांवों की तस्वीर बदलने में देर नहीं लगेगी। ग्रामीणों को विश्वास है कि समाजसेवी की इस पहल के बाद प्रशासन भी अब सड़क को स्थायी रूप से दुरुस्त करने पर ध्यान देगा, ताकि भविष्य में लोग ऐसी परेशानियों से बच सकें।

बाबरी मस्जिद ब्लैक डे स्टेटस लगाने पर दो को पकड़ा

भीरा, अमृत विचार: गांव गुलरिया निवासी आसिफ और बस्तौली निवासी मुख्तियार ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर बाबरी मस्जिद ब्लैक डे से जुड़ा संदेश पोस्ट किया था। कुछ देर बाद दोनों युवकों ने यह स्टेटस हटा दिया, लेकिन मामला संज्ञान में आने पर पुलिस सक्रिय हो गई और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। थाने में दोनों से पुलिस पूछताछ की है। एसओ रोहित दुबे ने बताया कि ऐसी किसी भी पोस्ट की निगरानी की जा रही है, जो समाज में वैमनस्य, तनाव या साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ सकती है। वर्तमान में दोनों युवकों से स्टेटस लगाने के उद्देश्य को लेकर पूछताछ की है। यदि मामले में कोई लिखित शिकायत मिलती है तो नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

23 करोड़ से बन रहे मॉडल स्कूल का छज्जा ढहा, दो मजदूर घायल

एक मजदूर की हालत गंभीर, 10 दिन पहले डाला छज्जा अचानक गिरा, गुणवत्ता उजागर के डर से स्थानीय मजदूरों से नहीं कराया काम

संवाददाता, बेहजम

अमृत विचार: विकास खंड बेहजम क्षेत्र की पैला ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। करीब 10 दिन पहले डाला गए लिंटर का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे वहां काम कर रहे दो मजदूर मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल एक मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल का निर्माण 23 करोड़ 83 लाख 25 हजार रुपये की लागत से किया जा रहा है। कार्य की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस यूनिट-53, उत्तर प्रदेश जल निगम, नगरिया हरदोई को सौंपी गई है। यह विद्यालय प्राथमिक से कक्षा 12 तक की पढ़ाई के लिए बनाया जा रहा है। हादसा सुबह करीब नौ बजे तब हुआ जब मजदूर लिंटर को हटा रहे थे। तभी लिंटर का छज्जा टूटकर गिर गया और वहां मौजूद दीपक सिंह पुत्र ध्रुव नारायण और कन्हैया चौधरी दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से डॉक्टर ने दीपक सिंह के सिर में गंभीर चोट आने और हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा है। जबकि कन्हैया चौधरी का भी इलाज चल रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्थानीय मजदूरों को काम पर इसलिए नहीं रखा जा रहा है ताकि वे निर्माण की गुणवत्ता को उजागर न कर सकें। ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा ने बताया कि निर्माण कार्य हरदोई की एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। उन्हें हादसे की सूचना मिल चुकी है और दोनों मजदूरों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। उधर घटना को लेकर मौके पर मौजूद ठेकेदारों ने कुछ भी कहने से मना कर दिया। संबंधित विभाग के जेई समेत कोई भी प्रशासनिक अफसर भी मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं, क्षेत्रीय लेखपाल राजेश कुमार गौतम ने मौके पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट तैयार की। वह अपनी रिपोर्ट एसडीएम मितौली के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

इसी निर्माणाधीन भवन का छज्जा ढहने से हुआ हादसा। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप

“निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल में लिंटर का छज्जा गिरने से दो मजदूरों के घायल होने की सूचना मिली है। घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। **-अभिषेक कुमार**, सीडीओ।

घटिया निर्माण कार्य चल रहा है। इस विद्यालय में जो ईंट लगाई जा रही हैं वह दोयम दर्जे की हैं, जबकि ईंट अव्वल दर्जे की लगनी चाहिए थीं। **-सोमेश कुमार मिश्रा**, गांव निवासी।

गांव के मजदूर पहले लगाए थे, जिन्होंने घटिया सामग्री के इस्तेमाल का विरोध किया। इस पर उन मजदूरों को हटा कर बाहर के मजदूरों को काम पर लगाया है। **-प्रेम शंकर मिश्रा**, गांव निवासी

निर्माण में घटिया ईंट, मसाले पुरानी सरिया का खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। निर्माण में गुणवत्ता की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। **-शिवा**



विधायक-अधिशासी अभियंता में हुई कहासुनी, सीडीओ से शिकायत

कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने ग्रामीणों के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया। विधायक सोनू ने घटना की बाबत अधिशासी अभियंता को फटकार लगा दी। इस पर अधिशासी अभियंता और विधायक के बीच कहासुनी भी हुई हुई, जिसकी शिकायत विधायक ने सीडीओ से की है।

खून के धब्बे मिटाने के लिए जेसीबी से की खुदाई

मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल के निर्माण कार्य को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। गांव के लोगों ने दावा किया है कि शनिवार को लिंटर खोलने के दौरान गिरे छज्जे के नीचे दबे दोनों मजदूरों को मलबा हटाकर बाहर निकाला गया। दोनों को अस्पताल भेजने के बाद ठेकेदारों ने मौके पर पड़े खून के धब्बों को जेसीबी से खोदकर मिटाने की कोशिश की। विद्यालय के दोनों प्रवेश मार्गों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर रास्ता भी अवरुद्ध कर दिया गया। ताकि लोग मौके पर पहुंच न सके और किसी तरह की वीडियो आदि न बना सकें। गांव की रुचि पांडेय ने बताया कि जैसे ही उन्हें घटना का पता चला और वह मौके पर पहुंचीं, उन्होंने देखा कि जेसीबी मशीन से घायल के खून के निशान मिटाए जा रहे थे।

अप्रशिक्षित मिस्त्रियों से कराया जा रहा काम

निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोग पहले ही सवाल उठा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और पुरानी सरिया का उपयोग हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पहले ग्रामीणों और स्थानीय मजदूरों ने आपत्ति जताई थी, तो उन्हें काम से हटा दिया गया। अब बाहरी मजदूर लगाए जा रहे हैं, ताकि निर्माण की गुणवत्ता से जुड़ी जानकारी कैंपस के बाहर न जा सके। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों ने मांग की है कि निर्माण की गुणवत्ता की तकनीकी जांच हो। घायल मजदूर को मुआवजा मिले और ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

मानक के अनुरूप नहीं हो रहा निर्माण

कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने हादसे के बाद बताया कि निर्माण बहुत घटिया हो रहा है। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी, जिसकी जांच चल रही है। हादसे के बाद साबित हो गया है कि निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। विधायक ने अधिशासी अभियंता से हुई कहासुनी पर बताया कि गुणवत्ताहीन निर्माण पर नाराजगी जताई है।

गन्ना भुगतान के लिए विरोध का अनूठा ढंग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के तीन किसानों ने बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड गेट पर नाई से बाल मुड़वा कर अनोखा विरोध प्रदर्शन कर गन्ना भुगतान की मांग की।

संगठन से संबद्ध काफी संख्या में किसान झंडा लेकर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल के गन्ना गेट पर पहुंचे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, श्याम किशोर और अनिल कुमार वर्मा ने नाई से अपने बाल मुड़वाए। काफी किसान बाल मुड़वाने के लिए लाइन में खड़े थे, लेकिन बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के जीएम केन पीएस चतुर्वेदी और पुलिस उप निरीक्षक राकेश राय ने बाल न मुड़वाने के लिए किसानों से काफी अनुनय विनय की तो किसान माने।

पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने मौके पर ही जीएम केंन पीएस चतुर्वेदी को चेतावनी दी कि यदि 15 दिसंबर तक पुराना पूर्ण भुगतान कर 16 दिसंबर से नया भुगतान शुरू नहीं किया गया तो बैठक कर चिता सजाकर सत्याग्रह किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चीनी मिल के अधिकारी पतरिया के नाम पर गन्ना काटने से बाज आयें और मिल डायवर्जन रोडो से गन्ने की आवक शुरू कराएं। इस मौके पर सहकारी गन्ना विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, समिति के डेलीगेट राधेश्याम वर्मा, डेलीगेट राजेश कुमार, शिवदयाल वर्मा, संतोष सिंह भदौरिया, भारत लाल, अवधेश कुमार, परमेश्वरदीन, नरविजय वर्मा, पतराखनलाल, कमर सिद्दीकी, रामनिवास वर्मा, जीवनलाल, गुरुप्रसाद, रंजीत कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

गोला की बजाज चीनी मिल में सिर मुड़वाकर गेट पर विरोध प्रदर्शन करते पदाधिकारी।

- राकिशसं के तीन किसानों ने सिर मुड़ाकर किया विरोध प्रदर्शन
- 15 दिसंबर तक भुगतान कर नया शुरू न किया तो सजाएंगे चिता

स्व अरविंद गिरि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 7 दिवसीय स्व. अरविंद गिरि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का आरंभ 7 दिसंबर दोपहर एक बजे होगा, जिसमें नगर सहित विभिन्न प्रांतों और नेपाल की 14 टीमें प्रतिभाग करेंगी। कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार दोपहर एक बजे मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह करेंगे।

विशिष्ट अतिथि पलिया विधायक रोमी साहनी और निघासन विधायक शशांक वर्मा होंगे। टूर्नामेंट संयोजक विधायक अमन गिरि, सचिव युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने बताया कि टूर्नामेंट में जम्मू कश्मीर, पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, नेपाल, लखनऊ, बलिया, बहराइच, कुशीनगर सहित गोला स्टेडियम और एसके स्पोर्टिंग क्लब गोला की टीम में प्रतिभाग़ करेंगी। सभी मैच दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होंगे।

चार धान खरीद केंद्रों के प्रभारियों को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: तहसील सदर क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों का शनिवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। बी पैक्स बसहा व एसएस बसहा मुरादनगर गोदाम में संचालित धान क्रय केंद्रों पर अचानक पहुंचे एडीएम को देखकर केंद्रों पर मौजूद कर्मचारियों में खामोशी और तेजी दोनों दिखाई दी।

इस दौरान डिप्टी आरएमओ नमन पांडेय भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने खरीद प्रगति, तौल व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान कुछ केंद्रों पर खरीद में लापरवाही और प्रक्रिया में ढिलाई सामने आई। एडीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने चार केंद्र प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

उन्होंने कहा कि धान खरीद में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या किसानों को परेशान करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद किसानों से एडीएम ने बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से धान बेचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक किसान को समय पर और बिना किसी परेशानी के धान खरीद की सुविधा उपलब्ध हो।

धान खरीद केंद्र पर जानकारी लेते एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह। ● अमृत विचार

“केंद्रों पर कागजों के सत्यापन के बाद ही खरीद हो रही है। जो लोग धान खरीद को फर्जी बता रहे हैं, उन्हें जानकारी नहीं है। पूरी पारदर्शिता के साथ खरीद के लिए विभाग ने सिस्टम तैयार किया है, जिसमें कोई घालमेल संभव ही नहीं है। इसके अलावा वह खुद और उच्चाधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। यदि धान खरीद में कहीं कोई ढिलाई मिलती है तो कार्रवाई की जा रही है। **-नमन पांडेय**, डिप्टी आरएमओ।

- निरीक्षण के दौरान एडीएम को मिली लापरवाही
- धीमी खरीद व अव्यवस्था पर दिए कारण बताओ नोटिस

खेतों में धान खत्म, दिन में सन्नाटा... रात में हो रहा काम

खेतों में धान खत्म हो चुका है। क्रय केंद्रों पर भी अब किसान अपनी उपज लेकर नहीं आ रहे, लेकिन विपणन विभाग के पोर्टल पर रात तक काफी खरीद दर्शाई जा रही है। आखिर कुछ घालमेल नहीं तो यह क्या है। जानकार बताते हैं कि आढ़तों पर 1600 से लेकर 1800 तक में धान खरीदा जा रहा है और धान खरीद केंद्रों पर तौल कराकर 2389 रुपये के मूल्य से बिक्री कर दिया जाता है। इसमें आढ़तियों के साथ ही कर्मचारियों का कमीशन तय होता है। आखिर लक्ष्य के अनुसार खरीद भी तो दर्शानी है।

सीएमओ को सीएचसी में अनुपस्थित मिले डॉक्टर

संवाददाता, मितौली

अमृत विचार: शनिवार को सीएचसी मितौली व आयुष्मान आरोग्य मंदिर मदारी पुरवा सहित मितौली ग्रामीण पर चल रहे टीकाकरण सत्र का सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले डॉ. प्रियांशु शुक्ला से स्पष्टीकरण तलब किया है। जाला लगा मिलने पर लैब टेक्नीशियन को फटकार लगाई। वहीं सीएमओ ने टीकाकरण में छूटे बच्चों का टीका ड्यू लिस्ट के अनुसार लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता शनिवार की दोपहर करीब 2:10 पर सीएचसी मितौली पहुंचे। उन्होंने उपस्थिति पंजिका चेक की तो डॉ. प्रियांशु शुक्ला अनुपस्थित थे। इस पर उन्होंने स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह को दिए। सीएचसी पर उन्होंने कोल्ड चैन व लैब का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था सही न होने को लेकर सफाई कर्मी को फटकार लगाई। लैब में जाले देख कर वह टीबी लैब टेक्नीशियन पर भी नाराज हुए।

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर स्वयं बैठते हैं इसकी साफ-सफाई की व्यवस्था का स्वयं ध्यान रखना चाहिए। कोल्ड चैन निरीक्षण के दौरान वैक्सीन के रखरखाव को देखा। इमरजेंसी ओपीडी सेवाओं का भी निरीक्षण किया। निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर आएं और निर्धारित समय तक रुकें और अपने कार्य को संपादित करें।

लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद वह आयुष्मान आरोग्य मंदिर मदारीपुर पहुंचे, जहां चल रहे टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया, बनाए जा रहे आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति जानी। सेंटर पर पेंटिंग करवाने, नवजात शिशु कार्नर व पानी की व्यवस्था करवाने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

टीकोत्सव के अंतर्गत उन्होंने टीकाकरण सत्र मितौली ग्रामीण का भी निरीक्षण किया, यहां एएनएम द्वारा ड्यू लिस्ट के अनुसार लगाए जा रहे टीकाकरण की प्रगति देखी, दोनों ही केंद्रों पर छूटे हुए बच्चे जिनमें कोई भी टीकाकरण छूटा है और वह सत्र पर नहीं पहुंचे हैं, उन्हें आशा व आंगनबाड़ी के माध्यम से घर से बुलाकर लाने के निर्देश दिए। आयुष्मान गोल्डन कार्ड लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी इस दौरान बनाए जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह, बीपीएम मोहम्मद तैय्यब भी मौजूद रहे।

सीएचसी में जांच करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

- जाले लगे मिलने पर लैब टेक्नीशियन को लगाई फटकार
- आयुष्मान आरोग्य मंदिर व टीकाकरण सत्र का भी किया निरीक्षण

आज चार घंटे रहेगी बिजली कटौती

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: आवास विकास फीडर की सप्लाई लाइन शिफ्टिंग के कारण सात दिसंबर को शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग की सूचना के अनुसार सुबह 5:00 बजे से सुबह 9 बजे तक 4 घंटे का निर्धारित पावर कट रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि लाइन शिफ्टिंग कार्य तकनीकी रूप से आवश्यक है, जिसे सुरक्षित पूरा करने के लिए निर्धारित अवधि में सप्लाई बंद रहेगी। बिजली कटौती से आवास विकास, रामेश्वर पुरम, महाराज नगर रेलवे पटरी साइड, बहादुर नगर (बगिया की तरफ) और पंडित पुरवा क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे बिजली बाधित रहने से पहले पानी भरने, मोबाइल चार्ज करने तथा अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूरी व्यवस्था कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

आज से दो माह थम जाएगी शहनाइयों की गूंज, शुक्र ग्रह उदय होने का करें इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मूड़ा सवारान

अमृत विचार: देवउठनी एकादशी से शुरू हुई शहनाइयों की गूंज रविवार से थम जाएगी। शुभ मुहूर्त न होने और 11 दिसंबर को शुक्र के अस्त होने के कारण विवाह मुहूर्त नहीं है। अब एक फरवरी को शुक्र ग्रह के उदय होने के बाद ही शहनाई बजेगी।

सनातन धर्म में प्रत्येक कार्य के लिए एक अभीष्ट मुहूर्त का होना आवश्यक है। ज्योतिषाचार्य पंडित राम मनोहर तिवारी ने बताया कि शुभ एवं मांगलिक मुहूर्त के निर्धारण में गुरु एवं शुक्र ग्रह का उदय होना चाहिए। इन ग्रहों के अस्त होने पर किसी भी तरह के शुभ एवं मांगलिक कार्य ठप हो जाते हैं 21 नवंबर से शुरू हुए मांगलिक कार्यक्रमों पर रविवार को विराम लग जाएगा। विवाह मुहूर्त की गणना करते समय शुक्र और गुरु तारा पर विचार किया जाता है। बृहस्पति और शुक्र के अस्त होने पर विवाह और मांगलिक कार्यक्रम नहीं किए जाते हैं। एक फरवरी को पुनः शुक्र का उदय होगा।

चार फरवरी से 11 मार्च तक शहनाइयों की धूम रहेगी। शुभ मुहूर्त रविवार को समाप्त हो जाएंगे। इसके बाद होने वाले वैवाहिक आयोजन बिना मुहूर्त के होंगे।

- शुक्र अस्त होने के कारण 55 दिन बाद होंगे मांगलिक कार्य

14 मार्च से एक माह तक रहेगा खरमास

जनवरी में सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाएंगे वहीं14 मार्च से एक माह के लिए खरमास रहेगा। इस अवधि में भी मांगलिक एवं शुभ कार्यों पर विराम लग जाएगा। इसके बाद 15 अप्रैल से 16 मई तक शहनाई की गूंज सुनाई देगी। फिर 17 मई से अधिक मास लग जाएगा। इसमें भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।

नए साल में विवाह के कुल 59 शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि पंचांग के अनुसार 2026 में पूरे सालभर में कुल 59 विवाह के शुभमुहूर्त हैं। बीच-बीच में कई अवधि ऐसी भी होंगी, जब खरमास, अधिक मास, होलाष्टक और चातुर्मास के कारण विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन आदि मांगलिक कार्य पूरी तरह वर्जित रहेंगे।

अमृत विचार

बरेली, रविवार,7 दिसंबर 2025

खीरी

न्यूज ब्रीफ

गोकर्ण,धुंधकारी की कथा का सुनाया प्रसंग

केशवापुर, अमृत विचार : सेमरई गांव की श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार दोपहर कथाव्यास पं शिवप्रकाश मिश्र ने गोकर्ण व धुंधकारी की कथा का प्रसंग सुनाया। कहा कि धुंधकारी ने अपने माता-पिता को कष्ट देकर उनकी सारी संपत्ति छीन ली और एक दुष्ट जीवन जिया। मृत्यु के बाद, उसकी आत्मा प्रेत योनि में भटकती रही। गोकर्ण अपने भाई की मृत्यु के बाद लौटा, तो उसने अपने माता को शांत किया और श्राद्ध के बाद धुंधकारी की आत्मा को प्रेत योनि से मुक्त कराने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया।

युवती को युवक ने भेजा अश्लील लिंक

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : क्षेत्र की युवती का कहना है कि आरोपी जानबूझकर अश्लील लिंक भेजकर उसका मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। शहर निवासी एक युवती ने बताया कि आरोपी उसके परिवार का ही अनूप अवस्थी है। आरोपी की उसके परिवार से रंजिश चल रही है। चार दिसंबर को सुबह लगभग 10 बजे आरोपी के टेलीग्राम नंबर से उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया। लिंक खोलने पर उसमें अश्लील सामग्री दिखाई दी। युवती ने तुरंत यह बात अपने भाई शुभ मिश्रा को बताई। कुछ देर बाद वह लिंक आरोपी ने डिलीट कर दिया। युवती ने आरोप लगाया कि इसी दिन दोपहर करीब 2 बजे फिर से आरोपी ने उसके नंबर पर एक अश्लील लिंक भेजा। इस बार जब फोन उसके माता-पिता ने खोला तो उसमें भी आपत्तिजनक सामग्री मिली। युवती ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सट्टे की सूचना पर छापा, एक पकड़ा

पीलीभीत, अमृत विचार : सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने इमली चौराहा के पास एक दुकान पर छापा मारा। यहां से पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। उससे पुलिस पूछताछ कर रही है। जिसमें कई साक्ष्य मिले है। पुलिस इसे लेकर जांच कर रही है। उधर सिफारशी भी पहुंचते रहे। हालांकि पुलिस कार्रवाई की बात कह रही है। कई अन्य सट्टेबाजों के भी नंबर मिले है। इन पर भी कार्रवाई तय मानी जा रही है ।फिलहाल छापामारी को लेकर हड़कंप मचा रहा।

49 में 4 शिकायतें निपटीं, मायूस लौटे फरियादी

सम्पूर्ण समाधान दिवसः सदर तहसील में डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

तहसील सदर में शिकायतें सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा।

अमृत विचार: शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह व अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां आईं 49 शिकायतों में से सिर्फ 4 का निस्तारण हो सका। वहीं मितौली में डीएम के न पहुंचने पर कई जिला स्तरीय अधिकारी करीब 11:30 बजे तक बाहर धूप सेंकते नजर आए। इस दौरान फरियादी भटकते रहे।

डीएम ने तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने अफसरों को जरूरी हिदायतें देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की

- **डीएम बोलीं-जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता**

प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाए कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 14, विकास 04, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 02, कृषि 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार मुकेश कुमार, बीडीओ सुमित कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, संगीता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

केवल एक फरियादी की शिकायत का निस्तारण

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में 32 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिसमें केवल एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। एसडीएम ने अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। दिसंबर माह के पहले शनिवार को तहसील में एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा विभाग की 14, पुलिस की 11, संयुक्त जांच की तीन, खाद एवं रसद विभाग की दो, बेसिक शिक्षा और चकबंदी विभाग की एक-एक शिकायतें आई, जिनमें मौके पर केवल एक शिकायत राजस्व का ही निस्तारण किया जा सका। बाकी अन्य शिकायतों के लिए एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर समस्याओं के त्वरित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमचंद, बीडीओ कुंभी एपी रस्तोगी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते बीईओ शत्रुघ्न सरोज। ● अमृत विचार

कार्यशाला में 48 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण

संवाददाता, फरधान

- **ब्लॉक स्तरीय सुगमकर्ताओं की आयोजित हुई दो दिवसीय कार्यशाला का समापन**

अमृत विचार: बीआरसी लखीमपुर में ब्लॉक स्तरीय सुगमकर्ताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के तहत पावर एंजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। कार्यशाला का संचालन जसपाल सिंह और क्षमा रानी ने किया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मीना मंच का गठन, मीना मंच के उद्देश्य, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, प्रगति के पंख, सामाजिक जुड़ाव, कॉमिक बुक, अरमान मॉड्यूल आदि विषयों पर चर्चा की गई और प्रस्तुतीकरण हुआ। कार्यशाला में कुल 48 सुगमकर्ता शामिल हुए। खंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न सरोज और जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी उत्तम पांडेय व यूनिसेफ प्रतिनिधि सचिन कुमार मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न सरोज ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

लेखपाल संघ भवन पर कब्जे के विरोध में प्रदर्शन

भवन खाली कराने की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध करते लेखपाल।

संवाददाता, मोहम्मदी

- **भवन खाली कराने की मांग, लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध**

अमृत विचार: तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की मोहम्मदी इकाई ने शुक्रवार को लेखपाल संघ के भवन पर कथित रूप से बार एसोसिएशन के कब्जा किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और भवन खाली कराने की मांग उठाई।

लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष रणधीर नवल किशोर ने बताया कि तहसील मोहम्मदी परिसर में संगठन का भवन पहले से निर्मित है। वर्ष 2011 में लेखपालों और अधिवक्ताओं में विवाद के बाद प्रशासन ने भवन को बंद कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग पांच दिन पूर्व बार एसोसिएशन ने भवन की पुताई करवाकर उस पर अधिवक्ता स्मृति भवन लिखवा दिया और ताला तोड़कर अंदर कुर्सियां रख दीं, जो गलत और आपत्तिजनक है। रणधीर ने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द भवन खाली नहीं कराया गया तो जिला संगठन के निर्देश पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। इधर, मोहम्मदी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि भवन का निर्माण क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों द्वारा एकत्र चंदे से कराया गया था और वह अधिवक्ताओं के नाम से है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

खनन के विरोध में सौंपा ज्ञापन

मोहम्मदी, अमृत विचार: पत्रकार संगठनों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री और डीएम के नाम संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। तहसील क्षेत्र में हो रहे खनन के विरोध होकर बाइक से नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे और एसडीएम व सीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मोहम्मदी तहसील में दिन हो या रात लगातार खनन जारी है, जिसको तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। पीड़ित साथी राहुल राठौर को बंधक बनाकर उनका उत्पीड़न किया गया है। ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। कवरेज करने जा रहे पत्रकारों का उत्पीड़न न किया जाए। चेतावनी दी कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो जनपद के वरिष्ठ मीडिया साथियों से सहयोग लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

शारदा पर तय समय में नहीं बन सका पीपा पुल

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- **राहगीरों, किसानों को आवागमन में हो रही परेशानी**
- **पैदल व बाइक सवारों को लेना पड़ रहा नाव का सहारा**

शारदा नदी में अधूरे पीपा पुल के पास खड़े ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार: विकास खंड बिजुआ में शारदा नदी के रामनगर घाट पर बनने वाले पीपा पुल के निर्माण में होने वाली लेट लतीफी के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तय समय पर पुल का निर्माण न होने के कारण जहां वाहन सवारों को लंबा चक्कर काटना पड़ रहा है, वहीं पैदल व बाइक सवारों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। इसके बावजूद पुल के निर्माण में होने वाली लेट लतीफी के चलते परेशानियां कम नहीं हो रही हैं।

लोक निर्माण विभाग द्वारा यह पुल आमतौर पर 15 अक्टूबर तक स्थापित कर दिया जाता था। परंतु इस वर्ष एक महीने से अधिक की देरी हो चुकी है। इससे रामनगर कलां और आसपास के क्षेत्रों के वासियों, यात्रियों तथा किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

विभाग के अवर अभियंता आर.सी. वर्मा ने बताया कि इस बार पुल का ठेका देर से खुला। इसके अतिरिक्त किसानों द्वारा खेतों में फसलें बो दिए जाने के कारण पीपों को ले जाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही है। जिससे ठेकेदार को लगभग दो किलोमीटर दूर से पीपे लाने पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य लगभग 70 प्रतिशत हो चुका है। शीघ्र ही यातायात बहाल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, जिससे लोगों की आवाजाही सुगम हो सके। यह पीपा पुल निघासन और बिजुआ को जोड़ता है, जिससे बिजुआ ब्लॉक के रामनगर कलां, दौलतापुर, दम्बल टांडा, रेवतीपुरवा, रमेश्वरापुर सहित कई गांवों के राहगीरों और किसानों की आवाजाही आसान हो जाती है। पुल के अभाव में लोगों को नदी पार करने के लिए लगभग 100 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग तय करना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और पैसा बर्बाद हो रहे हैं।

एसआईआर को लेकर भाजपा ने निकाली मौन पदयात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **फॉर्म भरने और मतदान अधिकार के प्रति नागरिकों को किया जागरूक**

मतदाता जागरुकता के लिए निकाली गई मौन पदयात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

अमृत विचार: विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने एवं नए मतदाताओं का नाम शामिल कराने के लिए भाजपा ने मौन पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। हीरालाल धर्मशाला चौराहे से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। हाथों में बैनर और स्लोगन लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने व फॉर्म बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सरकार की इच्छा है कि योग्य हर व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। इसके लिए प्रदेशभर में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक नागरिक की मदद के लिए नियुक्त किए गए हैं ताकि कोई भी मताधिकार से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि यह मौन पदयात्रा जनता को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण कदम है ताकि अधिक से अधिक लोग आगे आएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बन सकें। पदयात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीत कुमारी, भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री श्रीमती किरण अग्रवाल, उमा राठौर, रश्मि गुप्ता, अंजू सहनी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा, पूर्व पालिकाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बाजपेई, रामजी दीक्षित, रामजी मौर्य, जिला प्रवक्ता रमेशचंद्र मिश्रा, पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहनी, नगर अध्यक्ष देवदत्त चढ़ा, व्यापार मंडल पदाधिकारी श्यामजी मामा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम की सख्ती का दिखा असर

बिझौली, अमृत विचारः एसडीएम की सख्ती असर दिखा कि जलालपुर में कोल्हुओं पर वाटर कूलर की चिमनी लगाने का काम शुरू हो गया है, जिससे प्रदूषण कम होगा। इससे कोल्हुओं के आसपास के वातावरण को स्वच्छ और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा में लाभ होगा। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के 18 नवंबर के निरीक्षण में सख्त आदेश दिया था कि नीची चिमनियों से वायु प्रदूषण होता है। उन्होंने जलालपुर और सिकंद्राबाद में तीन कोल्हू बंद कराए थे। सख्ती के बाद जलालपुर में कोल्हू संचालकों ने जलालपुर गुड़ कोल्हू यूनियन अध्यक्ष जमील अहमद ने कोल्हू पर चिमनी लगवाना शुरू कर दिया हैं।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बांधा समां

मझगई, अमृत विचार: पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय छब्बापुरवा में शनिवार को मेरा गांव, मेरा विद्यालय' कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवीन पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे गांव में भ्रमण कर शिक्षा, जागरुकता और स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद मंच पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाटक और लोक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसका सभी लोगों ने सराहना की। विद्यालय की ओर से इस दौरान अभिभावकों के लिए बाल अधिकार संरक्षण हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें ग्रामीण भी शामिल हुए।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE

द्वारा IVF कैम्प

दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर

RISAA IVF Creating life.... completing families.

अब अधूरे सपने होंगे पूरे

निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

परामर्श शुल्क मुफ्त

दिन : 8 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार

समय : प्रातः 10:00 से 01 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

उपलब्ध सुविधायें :-

★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें सस्ती दरों पर
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) मार्केट रेट से 35% की छूट पर
★ लैब टेस्ट पर भारी छूट
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 150/- में

विशेषतायें:-

★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....

स्थान :

IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 6398018900, 8171925965

परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए भीमराव आंबेडकर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

पब्लिक कॉलेज में संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेसियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। पब्लिक कॉलेज में विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया है।

गोला गोकर्ण नाथ में कैंप कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल के नेतृत्व में हुई गोष्ठी के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित किए। डॉ. भीमराव अंबेडकर तिराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नारे लगाए। पिछड़ा वर्ग महासचिव रामकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार वर्मा, अचल शुक्ला, राकेश विश्वकर्मा, सगीर अहमद, अंकुर पटेल, प्रशांत पटेल, योगेंद्र विक्रम सिंह पटेल, फकीर मोहम्मद, फरियाद खान, शेरसिंह वर्मा, रामशंकर पालसहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

गोला के आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

नगर के लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में बाबा साहब के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर प्रधानाचार्य, शिक्षकों ने विद्यार्थियों को देश के प्रति किए गए उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने आंबेडकर के चित्र एवं संविधान की प्रति पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। वरिष्ठ शिक्षक विश्व मोहनजीत, सत्येंद्र कुमार पांडे, अभय कुमार जायसवाल, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार राज ने विद्यार्थियों को बताया कि बाबा साहेब आंबेडकर अपनी विद्वता के कारण ज्ञान के प्रतीक माने जाते थे। उन्हें संविधान निर्माण प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। संविधान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक 38, कक्षा 9 से 12 तक 311 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग़ किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि बौद्ध धर्म में परिनिर्वाण का अर्थ है मुक्ति को प्राप्त होना। बाबा साहब ने समाज के सभी वर्गों, नारियों को सम्मान दिलाया। सत्येंद्र कुमार पांडेय, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार, दर्शन कुमार गुप्त, सुरेश चंद्र, राकेश कुमार वर्मा, आनंद कुमार कौशल, कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश चंद, संतोष कुमार पांडे, रमेश कुमार वर्मा, गोविंद कुमार, सविता देवी, नीरज कुमार सिंह, अखिलेश्वर आदि मौजूद रहे।

भीमराव आंबेडकर को सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी ने सपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान गोष्ठी भी आयोजित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन दलितों, वंचितों, शोषितों और पिछड़ों के अधिकारों के लिए संघर्ष में समर्पित किया। डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद और अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने मजदूरों, महिलाओं और पिछड़े समाज की आवाज को राष्ट्रीय पहचान दिलाई और समानता का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे और समाजवाद के मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते रहेंगे। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष मो. कय्यूम खान, पूर्व विधायक रामशरण, सपा नेता रेहान खान, शमशेर बहादुर सिंह, शेखू मिर्ज़ा, अशोक कश्यप, यश मोहन पटेल, गुफरान अहमद, सईद अंसारी, त्रिभुवन सिंह सेंगर, बंटी सिंह, हेमंत भार्गव, अमित वर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

इंटरलॉकिंग में घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप

मझगईं, अमृत विचार : पलिया विकास खंड की ग्राम पंचायत बेला कला में समाज कल्याण विभाग से स्वीकृत 150 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में ग्रामीणों ने लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि इंटरलॉकिंग बिछाने से पहले आवश्यक कंप्रेशन और सॉलिड बेस बनाने के बजाय मिट्टी व मौरंग के मिश्रण से सतह तैयार कर दी गई। सड़क किनारे बनाई जा रही पटरी में भी कमजोर ईंटों का इस्तेमाल किया गया है और चुनाई में मानक के अनुरूप मसाला तक नहीं डाला गया। इस तरह की निर्माण गुणवत्ता में सड़क लंबे समय तक नहीं टिक पाएगी और कुछ ही समय में उखड़ने लगेगी। निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे ठेकेदार के मुंशी से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने किसी भी तरह की जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने जांच कर जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

नगर आयुक्त ने महानगर में रैन बसेरों का निरीक्षण किया

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नगर आयुक्त ने महानगर क्षेत्र में स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण किया।उन्होंने निगम के अधिकारियों को बेसहारा व निराश्रित लोगों की सुविधा को लेकर रैन बसेरों में सभी आवश्यक इंतजाम के निर्देश दिए।

महानगर को स्वच्छ रखने का मातहतों को दिया निर्देश

शाहजहांपुर,अमृत विचार : नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्र ने आज नगर निगम कार्यालय में महानगर को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई नायक, सहायक सफाई नायक के साथ बैठक की गई, जिसमें महानगर को स्वच्छ रखने की दिशा में बेहतर से बेहतर स्वच्छता रखने व व्यवस्थित रूप से कार्य को करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता से सम्बंधित कार्यो को करने में किसी प्रकार की लापरवाही भी न किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में महाप्रबंधक जल भी उपस्थित रहे।

खेलकूद में विजेताओं को किया सम्मानित

सिल्वर सिटी एकेडमी में वार्षिक खेलकूद समारोह समारोह का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

कोटवारा के सिल्वर सिटी में विजयी टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कोटवारा रोड स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हरमोहन सिंह खुराना ने की। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि टीमवर्क, नेतृत्व और अनुशासन सिखाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने बच्चों को खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

तीन दिनों तक चले इस वार्षिक महोत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न खेलों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। समारोह के एमडी डॉ. हरमोहन सिंह खुराना एवं प्रधानाचार्य एस.के. शुक्ला ने विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं के विजेता

● **क्रिकेट प्रतियोगिता**
सीनियर वर्ग : विजेता – रेड हाउस एवं ग्रीन हाउस
जूनियर वर्ग : विजेता – रेड हाउस एवं ग्रीन हाउस

● **फुटबॉल प्रतियोगिता**
विजेता – रेड हाउस एवं ग्रीन हाउस

● **खो-खो प्रतियोगिता**
बालिका वर्ग : विजेता – ब्लू हाउस
बॉयज़ जूनियर : विजेता – ग्रीन हाउस

● **म्यूज़िकल चेयर प्रतियोगिता**
स्वीटी प्रथम, दित्या द्वितीय, गौरी तृतीय

फ्रॉग रेस प्रतियोगिता
प्रतिज्ञा प्रथम, अभय द्वितीय, मोहम्मद शाद तृतीय

● **वालीबॉल प्रतियोगिता**
विजेता – रेड हाउस

बलून बर्स्टिंग प्रतियोगिता
जितेश प्रथम, खुशी द्वितीय, अपिल तृतीय

● **बिंदी पेस्टिंग प्रतियोगिता**
प्रतिज्ञा प्रथम, आकुसा द्वितीय, खुशी तृतीय

● **बैडमिंटन डबल्स प्रतियोगिता**
विजेता – हरमीत कौर और रौनक सिंह

समिति की बैठक में 4 करोड़ 14 लाख का बजट पास

रोशननगर समिति की एजीएम में मौजूद संचालक मंडल के सदस्य और अध्यक्ष।

संवाददाता, रोशननगर

अमृत विचार: ब्लॉक बांकेगंज क्षेत्र के कस्बा रोशन नगर में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी पैक्स) के वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में चार करोड़ 14 लाख का अधिकतम बजट पास किया गया।

रोशन नगर सहकारी समिति के प्रांगण में समिति अध्यक्ष नरेश चंद अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई सामान्य निकाय की बैठक में समिति के सचिव दीप सिंह यादव ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत कर बताया कि समिति की लिमिट 4.50 करोड़ पास है। वित्तीय वर्ष में समिति ने लोन 2 करोड़ 57 लाख वितरित किया, उसके सापेक्ष 2 करोड़ 82 लाख वसूले। बीते वर्ष 3 करोड़ 37 लाख 58 हजार 839 रुपया का लाभ रहा। समिति में 4520 सदस्य उर्वरक की खरीदारी करते हैं। सचिव ने बताया कि समिति में रोशननगर के राशन की दुकान संचालित है। बैठक में चार करोड़ 13 लाख 88 हजार 620 रुपये का अधिकतम बजट पास किया गया।

दिवंगत श्रमिक के आश्रित को 12.93 लाख की मदद

मृतक आश्रित को चेक सौंपतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: गोविंद शुगर मिल ऐरा में 27 दिसंबर को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए संविदा श्रमिक पृथ्वीपाल की 13 जनवरी 2025 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। प्रशासन की सक्रिय पहल पर उनके परिजनों को आर्थिक संबल मिला है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के हस्तक्षेप के बाद कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत मिल प्रबंधन ने आश्रितों को 12 लाख 93 हजार 900 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई। शनिवार को डीएम ने सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह के साथ प्रभावित परिवार को 12 लाख 93 हजार 900 की धनराशि का चेक, सीएसआर राहत किट और शाल प्रदान किया।

डीएम ने कहा कि श्रमिक परिवारों के अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मिल प्रबंधन को भविष्य में सुरक्षा मानकों को और कड़ा करने के निर्देश भी दिए। बताते चले कि डीबीटी के माध्यम से 5,93,900 रुपये सीधे खाते में भेजे गए, जबकि 7 लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) परिवार के नाम से कराई गई है, ताकि भविष्य में उनका आर्थिक संबल बना रहे।

कार बाइक से टकराकर पेड़ से भिड़ी पांच लोग घायल

भानपुर, अमृत विचार: बरात से लौटते समय झपकी आने से अनियंत्रित कार थाना भीरा क्षेत्र में भानपुर के पास खड़ी बाइक में टक्कर मार कर पेड़ में टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कन्नापुर निवासी सर्वेश यादव राजगिरी मिस्त्री है। वह बाइक किनारे खड़ी कर काम कर रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद कार सीधे पेड़ से जा भिड़ी। कार में सवार राजकुमार, मुकेश निवासी खजुरिया थाना संपूर्णानगर व तीन अन्य युवक देवरिया जिले के थे। सभी लोग मालपुर से एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। मौके पर पहुंचे लोगों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कार चालक को नींद का झोंका आने से वाहन अनियंत्रित हो गया, जिससे हादसा हुआ। ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

चांदामऊ में युवक का शव मिलने से सनसनी

संवाददाता, केशवापुर/बिलहरी

चांदामऊ में घटना स्थल पर पुलिस और ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **शिनाख्त के बाद पत्नी ने तहरीर में नहीं लगाया किसी पर आरोप**

अमृत विचार: थाना हैदराबाद की पुलिस चौकी अजान क्षेत्र के गांव चांदामऊ में गांव के बाहर शनिवार सुबह अशर्फीलाल यादव के खेत के पास सड़क किनारे खंदक में पानी में उतराता एक शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शिनाख्त हो जाने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

चांदामऊ में शव मिलने से सैकड़ों लोगों की भीड़ जम हो गई। थाना हैदराबाद पुलिस को सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुनील कुमार मलिक, गोला सीओ रमेश कुमार तिवारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को खंदक के बाहर निकलवाकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक की पत्नी कल्पना देवी ने मौके पर पहुंचकर अपने पति संतू (30) पुत्र रामदयाल निवासी गांव विसोखर थाना मितौली के रूप में की है। घटना के बाद कुछ ग्रामीण दबी जुबान यह भी कहते सुने गए कि थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम लोहरय्या में अवैध शराब का धंधा बरसों से चल रहा है। जिसमें क्षेत्र के कई ऐसे नव युवक अपनी जान गवां चुके हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि हो सकता है यह लोहरय्या में दारू पीने गया हो जबकि कुछ ग्रामीणों का कहना है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से पानी भरे गड्ढे में गिरने के कारण मृत्यु हो सकती है। मृतक पेशे से किसान है मृतक के चार छोटे बच्चे भी हैं।

मृतक संतू शर्मा की पत्नी कल्पना देवी ने बताया उन्हें बच्चों सहित ननद के यहां नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव अटवा में शुक्रवार को छोड़कर घर वापस आए थे तब से लापता थे।

संतू शर्मा के तीन पुत्री व एक पुत्र नाबालिग हैं। मृतक की पत्नी कल्पना देवी ने पुलिस को घटना की तहरीर दी। सीओ रमेश कुमार तिवारी ने परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि पानी में डूबने से युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा कि युवक की मौत कैसे हुई है।

गन्ना पेराई में बेलरायां चीनी मिल ने पकड़ी रफ्तार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र इस वर्ष काफी तेजी से चल रहा है। मिल में अब तक लगभग 10 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जबकि करीब 76 हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन हो चुका है। इस बार चीनी परता पिछले वर्ष की तुलना में काफी बेहतर है। चीनी मिल का पेराई सत्र 16 नवंबर से हुआ था। महज 19 दिनों में पिछले साल की तुलना में 6 लाख क्विंटल अधिक गन्ने की पेराई की है, जो मिल के प्रदर्शन को मजबूत संकेत देता है। मिल प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि मिल संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए, इसके लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही तीनों पालियों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि इसी तरह पेराई निर्बाध जारी रही तो दिसंबर के अंत तक चीनी परता में और अधिक बढ़ोतरी की संभावना है।

सुहैल हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रोशननगर/बिलहरी

हैदराबाद पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

● **उधारी के 200 रुपये के विवाद में की गई हत्या**

● **कार, चाकू, शराब की बोतल व मोबाइल बरामद**

अमृत विचार: मंगलवार दो दिसंबर को हुए सुहैल हत्याकांड के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। पुलिस ने बताया की उधारी के 200 रुपए को लेकर हुए विवाद में सुहैल की हत्या की गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार, चाकू, मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। आरोपियों ने मार्च 2024 में सुहैल व अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में सीओ रमेश कुमार तिवारी ने पुलिस टीम गठित कर दो दिसंबर को हुए नगर के मोहल्ला वीरेन्द्र नगर कालोनी निवासी सुहैल खां पुत्र स्व. मोहम्मद फारूक खां की हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीओ ने बताया कि मृतक सुहैल शराबी, झगड़ालू प्रवृत्ति का था, जिसके विरुद्ध पहले कोतवाली गोला में आरोपी रामनिवास उर्फ डिम्पल पुत्र परमेश्वरदीन वर्मा निवासी भारत भूषण कालौनी ने झगड़ा करने, परेशान करने के सम्बंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। निवासी मोहल्ला पटेल नगर स्थायी निवासी थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव ककलापुर उसके पटेलनगर स्थित मकान पर सुहैल की चाकू मारकर हत्या कर दी।

उसका शव वहां से उसने अपने भाई गोविन्द वर्मा पुत्र परमेश्वरदीन वर्मा निवासी भारत भूषण कालौनी की मदद से स्विफ्ट कार में डालकर एक खेत में ले जाकर जलाकर फेंक दिया। घटना से सम्बंधित मृतक के मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त चाकू, कार तथा मोबाइल की बरामदगी की जा चुकी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

बोलेरो से आए चोर तीन घरों को बनाया निशाना

संवाददाता, खमरिया

● **नकदी, बर्तन समेत चुरा ले गए जेवर, ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

अमृत विचार: बोलेरो सवार चोरों ने शुक्रवार रात दो गांवों के तीन घरों में को निशाना बनाते हुए नकदी, बर्तन, कपड़ा समेत घर में रखे जेवर चुरा ले गए। एक ही रात तीन वारदातों से लोग सहम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

पहली वारदात गांव मोहम्मदापुर निवासी कमलेश निषाद के घर हुई, जहां चोर रात करीब 1 बजे दीवार फांदकर घर में घुसे। घर में रखे बक्से को तोड़कर उन्होंने दो जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने के कुंडल, हथफूल, कमर बिछुआ, 7,000 रुपये नकद, एक साइकिल, 25 किलो चावल की बोरी, कपड़े, थारा, गगरा आदि घरेलू सामान उठा ले गए।

छोटा बक्सा देवरहा मंदिर के पास खुला मिला और वहीं से एक बेलचा बरामद हुआ, जो चोरों का छोड़ा हुआ बताया जा रहा है। दूसरी वारदात मोहम्मदपुर के मजरा अहिरन पुरवा निवासी अनूप यादव के घर हुई। घटना के वक्त अनूप यादव घर नहीं थे। वह किसी काम से बाहर गए हुए, थे। घर पर उनका भाई अंकित यादव सो रहा था। चोरों ने पहले अंकित के कमरे के दरवाजे की सिटकनी बाहर से लगा दी और फिर बेखौफ होकर घर में रखा थारा, लोटा, कपड़ा, थाली और अन्य सामान चोरी कर लिया। तीसरी वारदात गांव के बदलू यादव के घर हुई। यहां से चोर 2,000 रुपये नकद, दो जोड़ी चांदी की पायल और कपड़े चुरा लिए। घर से चोरी गया बक्सा खेत में टूटा हुआ मिला, वहीं मौके से एक प्लास भी बरामद हुआ है। तीनों पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। सूचना पर थाना खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और सभी स्थानों का मौका-मुआयना किया। पुलिस के अनुसार वारदात में एक ही गैंग के होने की आशंका है, क्योंकि तीनों घटनाओं की शैली एक जैसी है और सभी जगहों पर चोरी के समय बोलेरो वाहन के पहियों के निशान मिले हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश है। लोगों ने रात में गश्त बढ़ाने और चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

निष्पक्ष जांच की मांग, साजिश का आरोप

संवाददाता, पलिया कलां

एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **पूर्व विधायक के पुत्र की गिरफ्तारी के विरोध में अभाकिमस ने सौंपा ज्ञापन**

अमृत विचार: अखिल भारतीय किसान महासभा ने पूर्व विधायक स्व. निरवेंद्र कुमार मिश्र मुन्ना के पुत्र संजीव कुमार मिश्र की गिरफ्तारी को लेकर कड़ा विरोध जताया है। शनिवार को महासभा के पदाधिकारियों व क्षेत्रीय नागरिकों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार को सौंपा और प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की।

35 वर्ष पुराने भूमि विवाद के मामले में पुलिस ने बीते शनिवार को भारी फोर्स व पीएसी की मौजूदगी में संजीव कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हैं। ज्ञापन देने से पूर्व नेताओं ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी राजनीतिक दबाव में की गई है और यह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए इस मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी जांच आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय किसान महासभा के अध्यक्ष कमलेश राय, सचिव लल्लन गौड़, पूर्व प्रधान सोनू चौधरी, कमरुद्दीन कादरी, पूर्व सभासद विश्वकांत त्रिपाठी, ऐपवा जिला अध्यक्ष आरती राय सहित अतुल शुक्ला, सुरेश कुमार, विनोद निषाद, अनुज निषाद, राधेश्याम, राकेश कुमार, अनु चौधरी, रवि प्रताप, कुलदीप सिंह, विक्की पाल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सशक्त अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले कु. भावना गुप्ता (KM BHAWNA GUPTA) प्रचलित था। किंतु, अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर भावना गुप्ता (BHAVANA GUPTA) कर लिया है। अब मुझे हर जगह इसी परिवर्तित नाम से ही जाना व पहचाना जाय। **भावना गुप्ता पत्नी मोहित गुप्ता निवासी-पलिया कलां, तहसील पलिया कलां, जिला खीरी।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले मोहित कुमार गुप्ता (M0HIT KUMAR GUPTA) प्रचलित था। किंतु अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर मोहित गुप्ता (MOHIT GUPTA) कर लिया है। अब मुझे हर जगह इसी परिवर्तित नाम से ही जाना व पहचाना जाय। **मोहित गुप्ता पुत्र रमेश चंद्र गुप्ता निवासी- पलिया कलां, तहसील पलिया कलां, जिला खीरी।**

सूचना

मैंने अपनी पुत्री उमा मौर्या को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। **श्याम लाल पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम फरीदापुर बरकली साहब पो. मोहनपुर थाना बिथरीचैनपुर जिला बरेली हाल निवासी शिवधाम कालोनी लाल फाटक थाना कैन्ट जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अंश आहूजा (ANSH AHUJA) पुत्र जयन्त कुमार आहूजा (JAYANT KUMAR AHUJA) था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम अंशदीप सिंह (ANSH DEEP SINGH) पुत्र जयन्त कुमार आहूजा (JAYANT KUMAR AHUJA) कर लिया है। ये दोनों नाम मेरे ही है और मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। **अंशदीप सिंह पुत्र जयन्त कुमार आहूजा निवासी 22 महावीर होटल के सामने, जनकपुरी, बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2018 में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। मेरी इण्टरमीडिएट की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 0881908 है। जो कि वास्तव में कहीं खो गई है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **रोहिताश गंगवार पुत्र गेंदनलाल निवासी ग्राम अकबराबाद पो. नौगवां तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित कुमार गोस्वामी व उसकी पत्नी शीतल गोस्वामी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राकेश चन्द्र गोस्वामी निवासी मोहल्ला गांधी नगर निगोही, शाहजहांपुर**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

चेन बरामद होने के बाद दर्ज की गई लूट की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **14 मई की सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान बाइक सवारों ने की थी लूट**

अमृत विचार: शहर से सटे गांव लहोरी नगर निवासी विमला देवी रोजाना सुबह सैर के लिए हाईवे के पास से गुजरती हैं। 14 मई 2025 को भी वह सुबह करीब 5:15 बजे हनुमान मंदिर के पास वाली गली से गुजर रही थीं कि तभी पीछे से आए दो बाइक सवार युवकों में पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले में पहनी 14.6 ग्राम की सोने की चेन छीन ली और भाग निकले थे।

पीड़ित महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। महिला के पुत्र योगेंद्र किशोर वर्मा ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि नीमगांव थाना पुलिस ने अभियुक्तों को चेन सहित गिरफ्तार किया है। इस पर उन्होंने दोबारा कोतवाली सदर जाकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच एसआई संदीप कुमार यादव को सौंपी गई है।

विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व से कराया अवगत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **कृषि के सतत विकास के लिए मृदा का स्वस्थ और उपजाऊ होना जरूरी**

अमृत विचार: जमुनाबाद कृषि महाविद्यालय में विश्व मृदा दिवस पर आयोजित गोष्ठी में विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी दी गई। संबंधित विविध प्रतियोगिताएं हुई और व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

मृदा विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पौधरोपण, कविता पाठ, व्याख्यान की शुरूआत छात्रों द्वारा मृदा विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पौधरोपण कर किया गया। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि जिस प्रकार मानव शरीर के उत्तम संचालन के लिए स्वास्थ्य आवश्यक है, उसी प्रकार कृषि के सतत विकास के लिए मृदा का स्वास्थ और उपजाऊ होना आवश्यक है। मातृभूमि हमें भोजन, जल और जीवन प्रदान करती है, इसलिए मृदा के स्वास्थ्य की रक्षा करना हम सबका सामाजिक और नैतिक दायित्व है। इसलिए मृदा का स्वस्थ होना जरूरी है क्योंकि मृदा स्वास्थ्य का सीधा असर मानव शरीर पर पड़ता है।

शहरीकरण बहुत तेजी से बढ़ रहा है, जिससे हमारे आस-पास हरियाली की कमी होती जा रही है। छात्र अंकुर वर्मा, अनुज द्वारा मृदा के महत्व पर स्वरचित कविता पाठ किया गया। महाविद्यालय के सह-प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार, डॉ. आनन्द कुमार पाण्डेय, गेस्ट फैकल्टी के डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. राज कुमार, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. रणधीर यादव, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. विश्व दीपक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

गोला के कृषि महाविद्यालय में पौधरोपण करते प्राध्यापक। ● अमृत विचार

अमृत विचार

बरेली, रविवार,7 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का ये होगा तरीका

बरेली, अमृत विचार : साढे.सात टन तक की गाड़ी (छोटा हाथी, बोलेरो, पिकअप आदि छोटे माल वाहन) में आगे की ओर सफेद और पीछे की ओर 20 मिलीमीटर चौड़ी रिफलेक्टिव पट्टी। साढे.सात टन से अधिक (ट्रक, ट्रॉली आदि वाहनों) में 50 मिलीमीटर की पट्टी आगे सफेद व पीछे लाल रंग की लगाई जाएगी। इसी तरह यात्री वाहन में सफेद, लाल और 55 मिमी का टेप लगाया जाएगा। इसमें स्कूली बसें भी शामिल हैं। रोडवेज बसों में भी इन्हें लगाया जाना जरूरी होगा। ई-रिक्शा में आगे और पीछे 200 मिमी का लाल टेप अनिवार्य रूप से लगाना होगा।

10 मिनट देर से पहुंची बेंगलुरू फ्लाइट, छह सौ यात्रियों को मिली राहत

बरेली, अमृत विचार : इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट के परिचालन की व्यवस्था अब पटरी पर लौट रही है। दो दिन से सैकड़ों यात्री बड़ी दिक्कत झेल रहे थे लेकिन शनिवार को छह सौ से ज्यादा यात्रियों को बड़ी राहत मिली। बेंगलुरू फ्लाइट महज 10 मिनट की देरी से बरेली एयरपोर्ट पहुंची। जबकि सुबह से यह आशंका जताई जा रही थी कि फ्लाइट आज भी डेढ़ से दो घंटे देरी से आएगी। बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के एक अधिकारी ने बताया कि 321 सीटर एयरबस दोपहर करीब 2:30 बजे लैंडिंग हुई और 3:05 बजे बरेली से बेंगलुरू के लिए फ्लाइट ने उड़ान भरी। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली। फ्लाइट में बेंगलुरू और बरेली आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या 600 से ज्यादा रही।

49 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने छोड़ी सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक एलटी श्रेणी की परीक्षा शनिवार को 21 केंद्रों पर दो पालियों में हुई। परीक्षा में जिले में 17098 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें पहली पाली में 9632 और दूसरी पाली में 7466 थे। इसमें से पहली पाली में 4765 और दूसरी पाली में 3958 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी। दोनों पालियों में 8375 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली सुबह 9 बजे से 11 बजे तक और दूसरी पाली शाम 3 बजे से 5 बजे तक हुई। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले एंट्री दी गई। केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी गई। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने परीक्षा को सामान्य बताया। उनका कहना था कि पेपर में किसी प्रकार की जटिलता नहीं थी और इसे समय रहते हल कर लिया गया। प्रश्न पत्र में पूछे सवाल सीधे और पाठ्यक्रम आधारित रहे। कुल मिलाकर परीक्षा को लेकर उम्मीदवारों में राहत नजर आई।

शिक्षक अजय के परिजनों से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

कोतवाली के सामने आंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

शिक्षक अजय के परिजनों के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार सुबह कोतवाली के सामने स्थित आंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके बाद उन्होंने कर्मचारी नगर, गली नंबर 5 निवासी दिवंगत शिक्षक अजय अग्रवाल के घर पहुंचकर उनके बेटे और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि तानाशाही भाजपा सरकार का राहुल गांधी मुकाबला कर रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा सरकार डरी हुई है और घबराहट और जल्दबाजी से काम ले रही है। वह जल्द से जल्द एसआईआर का कार्य कराना चाह रही है। उससे उसकी नीयत पर पूरी तरह से सभी को शक है। इसी जल्दबाजी का परिणाम है कि लगातार एसआईआर के कार्य में लगे हुए कर्मचारियों की अत्यधिक तनाव के चलते मौत हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के लोग विपक्षी दलों के वोट घटवा रहे हैं और अपने वोट बढ़वा रहे हैं। भाजपा के संगठन में कोई मजबूती नहीं है, यह भावनाओं को भड़काती है। इनकी ताकत सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करना है। जो असली मुद्दे हैं, उनके संबंध में इनके पास कोई जवाब नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अजय अग्रवाल एसआईआर के कार्य में लगे थे और ब्रेन हैमरेज से उनकी मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोगों को जहरीला सिरप पिलाया जा रहा है, लेकिन कोई जवाब देने वाला नहीं है। कहा कि रूस के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर आए तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को उनसे मिलने नहीं दिया गया। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि एसआईआर का कार्य देख रहे सरकारी कर्मचारियों पर अधिकारियों का अत्यधिक दबाव होने के साथ ही संसाधनों की कमी भी एक गंभीर चिंता का विषय है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. के बी त्रिपाठी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, जिया उर रहमान, राजन उपाध्याय, मुजम्मिल रजा एडवोकेट ,उल्फत सिंह कठेरिया, सुरेश वाल्मीकि, मोबिन कुरैशी, डॉक्टर सरताज हुसैन, तीरथ मधुकर, कमरुद्दीन सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बनाए संबंध

बरेली, अमृत विचार: प्रेमनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि कुछ माह पहले उसकी इंस्टाग्राम पर अभय शर्मा निवासी सैनिक भवन, अशोकनगर, थाना सुभाषनगर से मुलाकात हुई थी।

आरोप है कि अभय ने उसे झूठे प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके बाद उसने वीडियो कॉल पर कुछ अश्लील वीडियो बना ली। उसने वीडियो डिलीट करने को बोला तो आरोपी ने 10 नवंबर को उसे मिलने के लिए बुलाया। उसके बाद उसने संबंध बनाने पर जोर दिया। मना करने पर आरोपी ने कहा कि हम शादी कर लेते हैं फिर पति-पत्नी की तरह रहेंगे। उसके बाद उसके दोस्त माधुरी, जितिन कुमार सिंह और नितिन कुमार ने झूठे आश्वासन देकर एक अधिवक्ता के पास ले जाकर जबरदस्ती आर्य समाज के एक मैरिज सर्टिफिकेट पर साइन करवा लिए। आरोप है कि उसकी कक्षा 10 और 12 की मार्कशीट के अलावा दो सोने के कंगन और 9 हजार रुपये भी रख लिए। उसके बाद डरा धमकाकर वीडियो बनवाई कि मैं अपनी मर्जी से शादी कर रही हूं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप नहीं तो भरना पड़ेगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहली बार पकड़े जाने पर 10 हजार का जुर्माना, तीन माह के लिए लाइसेंस भी होगा निलंबित
- कोहरे में दुर्घटनाओं की संभावना देख व्यवसायिक वाहनों के लिए टेप लगाना किया अनिवार्य

अमृत विचार: सर्दी के मौसम में कोहरा और धुंध की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने को परिवहन विभाग ने सभी व्यवसायिक वाहनों में 'रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप' (रोशनी पड़ने पर चमकने वाली पट्टी) अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए परिवहन विभाग ने मंडल के चारों जिलों में 11 जनवरी तक विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू किया है। इस दौरान यदि कोई वाहन बिना टेप लगा मिलेगा तो वाहन स्वामी को 10 हजार रुपये जुर्माना देना होगा।

आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप, डाला और छोटा हाथी सरीखे विभिन्न तरह के व्यवसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होता है। इसके चलते तेज गति में आ रहे वाहन के चालक को सड़क पर गाड़ी खड़ी होने का आभास तक नहीं हो पाता है और हादसा हो जाता है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने अब सभी व्यवसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप को अनिवार्य कर दिया है। रेट्रो टेप न लगा होने पर पहली बार में 10 हजार रुपये तक का जुर्माना और तीन माह कारावास और चालक का तीन माह तक लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है।

इसकी पुनरावृत्ति पर चालक और परिचालकों को छह माह तक कारावास और 10 हजार तक जुर्माना देना पड़ सकता है। यही नहीं टेप न होने पर व्यवसायिक वाहनों का प्रमाणपत्र भी जारी नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर रात्रि प्रवर्तन बढ़ाने के साथ ही बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर, हाईवे, बैरियर्स पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने के साथ वाहन स्वामियों को व्हाट्सएप के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।

बच्चों ने आत्मविश्वास से खेल भावना का किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- केशलता इंटरनेशनल स्कूल में किंडरगार्टन स्पोर्ट्स डे का हुआ आयोजन

अमृत विचार : बीसलपुर रोड स्थित केशलता इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को किंडरगार्टन स्पोर्ट्स डे का आयोजन हुआ। स्कूल का मैदान रंग-बिरंगी सजावट, मनमोहक संगीत और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा। नन्हे-मुन्नों ने अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास से खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

बच्चों ने फ्रॉग जंप, रिंग रेस, लेमन-स्पून रेस, गुब्बारा दौड़, फन रिले और फैंसी ड्रेस, वॉक-पास्ट जैसी कई रोचक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षकों ने आयोजन में सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा। इस मौके पर प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और शिक्षकों-अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। निदेशिका डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को उभारना भी है। कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, साहस और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु ने कहा कि स्पोर्ट्स डे जैसे कार्यक्रम बच्चों को आनंद के साथ सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। समापन पर विजयी विद्यार्थियों कुशांत, दर्शिक, एकांश, अक्षिता, साक्षी, अनन्या, शौर्य, देवांश, विराज, तनवीर, वर्तिका, प्राक्षि आदि को मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में शिवानी, शबीना, रुचि, वर्षा, आशा, छाया एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

बवाल में शामिल आरोपी समेत 15 की खुली हिस्ट्रीशीट

बरेली, अमृत विचार: एसएसपी अनुराग आर्य ने लूट, चोरी, वाहन चोरी, हत्या की कोशिश, मारपीट गोकशी, मादक पदार्थ की तस्करी और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, अवैध हथियार बनाने, रंगदारी मांगने वाले 15 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। एसएसपी ने संबंधित थानों की पुलिस को इनकी ज्यादा निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल में पुलिस ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा निवासी जुनैद अली खां उर्फ लकी शाह पर रिपोर्ट दर्ज की थी। लकी के खिलाफ 17 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने 15 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है, जिसमें जुनैद अली खां उर्फ लकी शाह, इज्जतनगर के उजैर, मोहसिन, छुटका, लालू पटेल, अफरोज, सन्नी पटेल, हाफिजगंज के करन, सुभाषनगर के अनीश ठाकुर, मुकेश कुमार, आंवला थाना क्षेत्र के रहीस अहमद उर्फ घिर्री, मोबीन, ज्ञान सिंह, छोटा, केशव उर्फ टेढ़ा हैं।

तकनीकी सशक्तीकरण के साथ मानवीय पक्षों का भी हो संरक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के सभागार में वक्ता। ● अमृत विचार

- रुविवि में संगोष्ठी में 170 से अधिक अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर अलग-अलग तकनीकी सत्रों में कई संस्थानों के प्रतिनिधित्व में ऑग्युमेंटेड रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी एवं अन्य विषयों पर 170 से अधिक अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सभी प्रतिभागियों ने एजुकेशन 5.0 की अवधारणा को समझते हुए कहा कि भविष्य की शिक्षा में तकनीक के साथ मानवीय मूल्य हमेशा प्राथमिक रहे।

विशेष वक्ता प्रो. तूलिका सक्सेना ने कहा कि हम सभी को तकनीक के समय में मानवीय गुणों का ध्यान रखने की आवश्यकता है। संस्थानों को एक ऐसा लर्निंग इको सिस्टम बनाने कि आवश्यकता है, जहां नवाचार के साथ अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर हो, साथ ही नैतिक जिम्मेदारी का एहसास भी हो। विशिष्ट वक्ता प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों की समस्या है कि अपना शोध कार्य करते समय वह एआई का प्रयोग करते हैं। सभी विद्यार्थियों को सावधानी और समझदारी से एआई टूल्स का प्रयोग करना होगा। ये हम सभी के लिए ये चुनौतीपूर्ण समय हैं। हमें मशीन और मनुष्य के मध्य संतुलन पर कार्य करना होगा। मुख्य वक्ता प्रो. मनोज सक्सेना ने बताया कि पूर्व की शिक्षा में शिक्षक बालक के निर्माण का प्रमुख केंद्र रहा। डॉ. शकुंतला मिश्रा, प्रो. कौशल शर्मा, प्रो. यशपाल सिंह, प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, डॉ. तरुण राष्ट्रीय, डॉ. प्रेमपाल, डॉ. कीर्ति प्रजापति, डॉ. रश्मि रंजन, कपिल मोहन तिवारी, शिवि, सना अबरार, आकाश, जगदीश आदि उपस्थित रहे।

अवैध गैस रिफलिंग में दुकान संचालक पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : पूर्ति निरीक्षक प्रदीप सिंह यादव के अनुसार 26 नवंबर को उन्हें सूचना मिली कि बाकरगंज में सिलेंडरों से गैस रिफलिंग की जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने दुकान पर छापेमारी की। टीम को देख आरोपी दुकान संचालक फरार हो गया। दुकान से इंडेन गैस का एक घरेलू सिलेंडर बरामद हुआ, जिसमें 8 किलो गैस पाई गई। साथ ही रिफलिंग मशीन, पाइप, रेगुलेटर और नोजिल मिले। जांच में घरेलू गैस को अवैध रूप से छोटे सिलेंडरों में भरकर कालाबाजारी करने की बात सामने आई। बताते हैं कि 14 किलाग्राम वाले सिलेंडर से पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर में गैस रिफलिंग की जाती थी। किला पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक इस्तकार पुत्र अबरार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पांच किलो अफीम के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एएनटीएफ की टीम ने सुभाषनगर से आरोपी को दबोचा

अमृत विचार: एएनटीएफ की टीम ने शुक्रवार रात सुभाषनगर में बदायूं रोड से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच किलो दो सौ ग्राम अफीम बरामद हुई है। तस्कर की पहचान अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी रामौतार के रूप में हुई है। अफीम की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। उसके खिलाफ सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एएनटीएफ कार्यालय के उपनिरीक्षक विकास यादव ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें सूचना मिली कि अफीम की तस्करी होने वाली है। उसके बाद उन्होंने टीम के साथ सुभाषनगर थाना क्षेत्र में त्रिशूल चौराहे के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह झारखंड से अफीम लेकर आया था। आरोपी के पास से तीन पैकेट में पांच किलो 200 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रांची के खादवे बस स्टैंड के पास रहने वाले डेविड से उसका संपर्क है। वह कई बार बदायूं और पंजाब की सप्लाई कर चुका है। शुक्रवार रात को भी वह पंजाब की एक पार्टी का इंतजार कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने रामौतार और साथी डेविड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आईवीआरआई में 7 से 9 तक होंगी प्रतियोगिता

बरेली, अमृत विचार: आईवीआरआई 136वां स्थापना दिवस समारोह एवं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 7 से 9 दिसम्बर तक आयोजित करेगा। सचिव खेलकूद प्रकोष्ठ व आयोजन सचिव डॉ. अभिषेक ने बताया 7 दिसंबर से शुरू होने वाले कार्यक्रमों का उद्घाटन निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त करेंगे।

9 दिसम्बर को प्रो. ब्रायन चार्ल्सटन, एफआरएस, निदेशक एवं सीईओ, द पिर्ब्राइट इंस्टीट्यूट, यूके द्वारा स्थापना दिवस अभिभाषण दिया जाएगा। प्रभारी खेलकूद प्रकोष्ठ डा. किरणजीत सिंह ने कार्यक्रम के पहले दौड़ समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं कैंपस, स्टाफ और लेडीज क्लब की महिलाओं के मध्य होंगी।

कैंट में ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, जान गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शुक्रवार रात जाट रेजिमेंट के पास हादसा, ट्रक चालक फरार

अमृत विचार: जाट रेजिमेंट सेंटर के आगे शुक्रवार रात ढाबा बंद करके घर लौट रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया।

